तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 13.8 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | सेलूद | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

12 शास्त्री अस्पताल सुपेला में आवारा कुत्तों की भरमार, दहशत में मरीज और स्टॉफ



13 कौही में ओटीपी लेने के बाद भी 414 हितग्राहियों को जारी नहीं हुआ राशन




## खबर संक्षेप

### परेशानी के कारण शिक्षिका ने की थी आत्महत्या

**भिलाई।** महिला शिक्षक की बाथरूम में जले हालत में मिले शव मामले में घटना स्पष्ट हो गया है। शिक्षिका नने सुसायडल नोट लिखा है जिसमें लिखा है कि मैं शारीरिक परेशानी की वजह से यह कदम उठा रही हूं। इसकी जिम्मेदार मैं स्वंय हूं। उसके बाद महिला ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग काम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 8 सड़क 11 निवासी रजनी देवांगन ने स्वयं बाथरुम को भीतर से बंद कर स्वयं को आग लगा ली। घटना में उसकी लाश जली हालत में पड़ी मिली। मृतका रजनी को शारीरिक परेशानी थी। इस कारण आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाया। 10 फरवरी की शाम की घटना है। घटना की खबर लगते मकान के आसपास लोगों की भीड़ उमड़ गई थी। मकान से धुआं भी निकल रहा था। जिसे देख पड़ोसियों ने पहले उसके डॉक्टर बेटे को कॉल कर बुलाया। तब तक रजनी पूरी तरह से जल चुकी थी। परिजनों को सिर्फ उसका शव ही मिल पाया। घटना को अंजाम देते समय रजनी का आवाज तक बाहर नहीं निकला।

### प्रधान आरक्षक की संदिग्ध मौत, होगी जांच

**भिलाई।** मंगलवार सुबह बस से उतरते समय प्रधान आरक्षक अचानक गिरने से उससे मौत हो गई। घटना दुर्ग बस स्टैण्ड के पास की है। मिली जानकारी के मुताबिक महिला थाना में पदस्थ त्रिलोक सिंह 47 वर्ष के प्रधान आरक्षक बेटी के साथ दुर्ग बस स्टैण्ड पर बस से उतर ही रहा था। तभी अचानक गिर पड़ा जिसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लेकर जाया गया। डॉक्टर ने उसे जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रधान आरक्षक का मूल निवास एमपी के बालाघाट है। बस में बैठकर बालाघाट से दुर्ग रहे थे। उनके साथ उनकी बेटी भी थी। बस से उतरते समय ही घटना हुई।

# अवैध निर्माण को लेकर अहिवारा पालिका ने केबल वायर किया जब्त

## जेके लक्ष्मी सीमेंट और नंदिनी माइंस को नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन की मनमानी के चलते अहिवारा नगर पालिका ने उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पालिका की टीम ने अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर जेके लक्ष्मी द्वारा बिछाई गई केबल वायर को खोदा और जब्ती की कार्रवाई की। इसके साथ ही पालिका के सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने नोटिस जारी कर 7 दिन के भीतर जवाब मांगा है।

अहिवारा नगर पालिका के सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने बताया कि जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र और नंदिनी माइंस (बीएसपी प्रबंधन) द्वारा बिना पालिका की अनुमति लिए अवैध निर्माण किया जा रहा है।

### वार्ड में हो रही जलभराव की स्थिति

सीएमओ अंकुर पाण्डेय ने बताया कि उन्हें वार्ड 4 के लोगों ने शिकायत में बताया कि जेके लक्ष्मी के द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण के चलते उनके यहां जल निकासी की समस्या खड़ी हो गई है। कई मकान जल भराव के चलते क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके बाद कार्रवाई की गई।





### कार्य रोकने दिए निर्देश

पालिका ने नोटिस जारी कर कंपनियों को निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि बिना पालिका की अनुमति कोई निर्माण कार्य न किया जाए। इससे पहले भी, अगस्त 2025 में, अहिवारा नगर पालिका ने संपत्ति कर का भुगतान न करने के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट पर 9.12 करोड़ का जुर्माना लगाया था।

दिनों के भीतर जवाब मांगा है। उन्होंने जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन से जब अवैध निर्माण से जवाब मांगा तो उन्होंने बीएसपी से एनओसी मिलने की बात कही, लेकिन उन्होने पालिका में न तो उस एनओसी को जमा किया और न ही पालिका से निर्माण के लिए कोई अनुमति ली है। पालिका प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 4, 5, 6, 7 और 8 में बीएसपी भूमि से होते हुए जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र के अंदर तक व्यावसायिक, औद्योगिक उद्देश्य से रेल पटरी, भवन और बिजली के पोल का निर्माण किया जा रहा है। उसके लिए पालिका से कोई अनुमति नहीं ली गई है। यह छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 187, 223, 236 और 226 का स्पष्ट उल्लंघन है।

## रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने की वजह से शास्त्री हॉस्पिटल में गर्भवती महिलाओं को दिक्कत

# सुपेला अस्पताल में दो माह से धूल खा रही है सोनोग्राफी मशीन, मरीज हो रहे परेशान

## रोजाना बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे, उन्हें बिना जांच के लौटना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में पिछले करीब 2 महीनों से सोनोग्राफी जांच पूरी तरह बंद पड़ी है। इस कारण गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को मजबूरन निजी सेंटरों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जहां जांच के लिए मोटी रकम चुकानी पड़ रही है।

सिविल अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी मशीन चलाने के लिए डॉक्टर नहीं है। सोनोग्राफी मशीन का संचालन करने वाली महिला डॉक्टर ने करीब दो माह पहले नौकरी छोड़ चुकी है। इसके बाद से सोनोग्राफी मशीन धूल खा रही है। हर दिन गर्भवती महिलाओं, पेट दर्द और अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को यहां से बिना जांच के लौटना पड़ रहा है।




### सिविल सर्जन को भेजी गई रिपोर्ट

सोनोग्राफी मशीन संचालन के लिए डॉक्टर की कमी की जानकारी सिविल सर्जन को दी गई है। डीएमएफ फंड से दूसरे डॉक्टर की नियुक्ति पर चर्चा चल रही है, ताकि जल्द सेवा शुरू की जा सके। फिलहाल मरीजों को जांच के लिए दुर्ग जिला अस्पताल भेजा जा रहा है।
-**डॉ. पीयाम सिंह,** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सिविल अस्पताल सुपेला

### निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की चांदी

सुपेला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन मौजूद है, लेकिन डॉक्टर के अभाव में सेवा पूरी तरह बंद पड़ी है। हर दिन दर्जनों मरीज जांच के लिए आते हैं, मगर उन्हें दुर्ग जिला अस्पताल भेज दिया जाता है।जिला अस्पताल तक आने-जाने में लगने वाला समय, लंबी कतार और कामकाजी लोगों की मजबूरी इन सबके चलते मरीज निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों में जांच कराने को मजबूर हो रहे हैं। मरीजों का कहना है कि सुपेला अस्पताल के आसपास मौजूद निजी सेंटरों में सोनोग्राफी के लिए 1000 से 1500 रुपये तक वसूले जा रहे हैं। मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधा न मिलने के कारण उन्हें बाहर निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में मोटी रकम खर्च करने पड़ रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ से बिहार के लिए चलेगी दुर्ग मधुबनी स्पेशल ट्रेन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी में निवासरत बिहारवासियों के लिए राहतभरी खबर है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा होली पर्व के अवसर पर

- **होली त्योहार को देखते हुए रेलवे ने जारी किया शेड्यूल**

स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । होली के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए ये स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं । गाड़ी संख्या 08753 दुर्ग -मधुबनी होली स्पेशल दुर्ग से 1 मार्च को एवं गाड़ी संख्या 08754 मधुबनी-दुर्ग होली स्पेशल मधुबनी से 2 मार्च को चलाई जा रही है। इस गाड़ी में 2 एसएलआरडी, 5 जनरल कोच, 9 स्लीपर कोच, 2 एसी थ्री कोच सहित कुल 18 कोच रहेंगे।

### दुर्ग और मधुबनी के बीच इन स्टेशनों पर रुकेगी

दुर्ग -मधुबनी होली स्पेशल दुर्ग से 1 मार्च को दुर्ग से रात 00:30 बजे रवाना होकर रायपुर 01:20 बजे, बिलासपुर 03:30 बजे पहुंचेगी। आगे चांपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा, राउरकेला, हटिया, रांची, मूरी, बोकारो, चंद्रपुरा, कतरासगढ़, धनबाद, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, क्यूल, बरौनी, समस्तीपुर, दरभंगा, सकरी होते हुए 2 मार्च की सुबह मधुबनी पहुंचेगी। इसी प्रकार मधुबनी से 2 मार्च की सुबह 06:15 बजे रवाना होकर 3 मार्च की सुबह रायगढ़ 07:08 बजे, चांपा 8:39 बजे, बिलासपुर 9:50 बजे, रायपुर 11:40 बजे, दुर्ग 12:45 बजे पहुंचेगी।

# मनोज को पहले पुलिस ने पकड़ा, बाद में पता चला कि मिल चुकी जमानत, फिर छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले को गिरफ्तार कर मुचलके पर पुलिस ने छोड़ा दिया। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 को किए गए चक्काजाम में बिना अनुमति के किया गया था।पटेल चौक बीएसएनएल आफिस के पास जमीन रजिस्ट्री के मुद्दे को लेकर जमकर प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान पुलिस कर्मियों के साथ प्रदर्शनकारियों ने हाथापाई कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया था। घटना में प्रधान आरक्षक राधेश्याम चंद्राकर, आरक्षक केशव कुमार, आरक्षक तुषार सलामे, आरक्षक अजय साहू, आरक्षक हिमांशु जंघेल को चोट आईं थी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर वार्ड 16, सिकोला भाठा निवासी मनोज राजपूत को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ गया। मनोज राजपूत ने हाई कोर्ट से अग्रिम जमानत ले चुका था। इसके पहले पुलिस ने अंबेडकर नगर, दुर्ग निवासी अनिल वासनिक, शीतला नगर दुर्ग विक्की चंद्राकर, गयानगर दिनेश पाण्डेय, राकेश यादव, सिंधी कॉलोनी जितेन्द्र बत्रा गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इन में फरार आरोपियों में कर्मचारी नगर शुभम सिंह राजपूत, बोरसी यशवंत सिंह राजपूत, ओमप्रकाश कोटवानी, गीतेश ठाकुर समेत अन्य हैं।

# भिलाई में राजस्व वसूली के लिए पहली बार ड्रोन से सर्वे

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत संपत्तियों के सटीक निर्धारण और डेटा अपडेट करने के उद्देश्य से जोन क्रमांक 5 में ड्रोन सर्वे का कार्य विधिवत प्रारंभ कर दिया गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से किए जा रहे इस सर्वे से क्षेत्र की संपत्तियों की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा। सर्वे कार्य के शुभारंभ के अवसर पर निगम और सर्वे टीम के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इसमें मुख्य रूप से जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, गणित बघेल, टेकराम हरिन्द्रवार सहित आई.आई.टी के सर्वे प्रभारी शैलेश कुमार एवं उनकी तकनीकी टीम शामिल थी। ड्रोन सर्वे के जरिए संपत्तियों के क्षेत्रफल और निर्माण की सटीक जानकारी मिल सकेगी।डिजिटल रिकॉर्ड तैयार होने से राजस्व वसूली में पारदर्शिता आएगी।

# युवती से छेड़खानी कर की मारपीट, आरोपी पकड़ा गया

**भिलाई।** युवती का पीछा कर उसके साथ छेड़खानी कर मारपीट, गालीगलौज करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली दुर्ग पुलिस ने बताया कि युवती जिला अस्पताल दुर्ग में बीएएमएस में इंटरशिप कर रही है। संतोषी चौक, वार्ड 6 जामुल निवासी दानिश निर्मलकर उर्फ दानेश्वर युवती को कुछ दिनों से पीछा कर अलग-अलग नंबरों से कॉल कर परेशान करता था। 10 फरवरी को जिला अस्पताल दुर्ग के पार्किंग में आरोपी ने युवती को बुरी नियत से पकड़कर जबरन साथ चलने का दबाव बनाया था। विरोध करने पर युवती के साथ मारपीट कर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। परेशान युवती ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। आरोपी दानिश निर्मलकर को गिरफ्तार कर दुर्ग न्यायालय में पेश किया गया।



### युवती को गाली गलौज करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई।** युवती से गाली गलौच करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उरला राम नगर निवासी शिवम चन्द्राकर को 11 फरवरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया। पुलिस ने उसे पकड़कर दुर्ग न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# प्रसव के बाद जिला अस्पताल में नवजात की मौत, शिकायत के बाद दिए गए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिला अस्पताल दुर्ग में मासूम शिशु का मौत होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने प्रबंधन के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए है। माता-पिता ने दुर्ग कोतवाली पुलिस से लिखित में शिकायत किया है।

- **प्रसव के लिए महिला को कराया गया था भर्ती लापरवाही का आरोप**

मिली जानकारी के मुताबिक मदर टेरेसा, 18 नंबर रोड निवासी करिशमा भारती के मुताबिक 7 फरवरी 2026 की शाम जिला अस्पताल दुर्ग में चेकअप कराने पहुंची थी।

चिकित्सकों ने जांच के बाद अस्पताल में भर्ती करने की सलाह दी। करश्मिा को प्रसव पीड़ा हो रही थी। जिसके लिए इंजेक्शन दिए गए। चिकित्सकों ने बताया कि बच्चेदानी का मुंह नहीं खुला है। उन्हें टहलने की सलाह दी गई। 9 फरवरी को उन्हें दोबारा डिलीवरी रूम में ले जाकर जांच की गई और दर्द का इंजेक्शन दिया गया। परिजनों ने बताया कि 10 फरवरी की सुबह 3 बजकर 1 मिनट पर करिश्मा का सामान्य प्रसव हुआ और उसने एक बेटे को जन्म दिया। नवजात का वजन 3 किलो 229 ग्राम था।

बच्चे ने गंदा पानी पी लिया है, जिसके कारण उसे आईसीयू में शिफ्ट करने की सलाह दी। डॉक्टरों ने बच्चे के ठीक होने का आश्वासन दिया था। टांके लगे होने के कारण 2-3 घंटे रुकने को कहा गया और सुबह उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया। बच्चे के पिता राजाराम भारती ने बताया कि डिलीवरी के करीब 20 मिनट बाद बच्चे को आईसीयू में लेकर गए। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि बच्चे की हालत गंभीर है, उसका सिर कमजोर है। उसने गंदा पानी पी लिया था। अगले दिन 11 फरवरी की सुबह बच्चे की मौत की सूचना अस्पतला प्रबंधन ने दी। डॉक्टरों ने यह भी कहा कि बच्चा जन्म के समय से ही कमजोर था और कोमा जैसी स्थिति थी।

### टीम बनाई जाएगी और जांच भी होगी

नवजात के भर्ती होने और बाद में मौत की जानकारी मिली है। जन्म के समय बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। आईसीयू में शिफ्ट किया गया था।
परिजनों द्वारा की गई शिकायत पर जांच टीम बनाई जाएगी। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
-**डॉ. आशीष मिंज,** सिविल सर्जन दुर्ग

## साइबर अलर्ट : कलेक्टोरेट सभागार में साइबर सुरक्षा और एआई पर कार्यशाला

# ट्रांजेक्शन के दौरान सार्वजनिक वाईफाई के उपयोग से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर चिप्स द्वारा कलेक्टोरेट सभागार में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर

- **प्रशासनिक अधिकारियों को दी गई जानकारी**

अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति प्रशासनिक अमले को सचेत करना और इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कलेक्टर ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में बैंकिंग, शिक्षा, स्वास्थ्य और समस्त सरकारी कार्य इंटरनेट पर आधारित हैं, इसलिए सुरक्षा के मानकों का पालन करना अब विकल्प नहीं बल्कि अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। विशेषज्ञों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि साइबर अपराधी किस तरह नई तकनीकों के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। अधिकारियों को सलाह दी गई कि वे किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, संदिग्ध ईमेल और संदेशों से सावधान रहें और केवल आधिकारिक बैंकिंग ऐप्स का ही उपयोग करें।




### वित्तीय लेनदेन के एप्लीकेशन का नियमित बदलें पासवर्ड

वित्तीय लेनदेन की सुरक्षा पर जोर देते हुए बताया गया कि सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय बैंकिंग ट्रांजेक्शन से बचना चाहिए और अपने पासवर्ड व पिन को नियमित रूप से बदलते रहना चाहिए। इसके साथ ही, ओटीपी और सीवीवी जैसी गोपनीय जानकारी किसी से भी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है, तो उन्हें तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर क्राइम की आधिकारिक वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया।

### एआई का उपयोग सावधानीपूर्वक करें, इसके लिए ट्रेनिंग जरूरी

कार्यक्रम के एक विशेष सत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और उससे जुड़ी चुनौतियों पर भी गंभीर चर्चा की गई। जहाँ एआई को सरकारी कामकाज में सहायक बताया गया। वहीं डीपफेक वीडियो, फर्जी ऑडियो और डेटा चोरी जैसे खतरों के प्रति भी आगाह किया गया। उपस्थित जनसमूह को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी एआई प्लेटफॉर्म का उपयोग करते समय आधार नंबर, बैंक विवरण, पासवर्ड और महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेजों जैसी संवेदनशील जानकारी साझा न करें। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल और भ्रामक खबरों से बचने की सलाह देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया, ताकि एक सुरक्षित और सशक्त डिजिटल समाज का निर्माण किया जा सके।



## खबर संक्षेप



### नीलकंठ मनोकामनेश्वर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**उतई।** ग्राम कोकड़ी में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। मंदिर में नीलकंठ मनोकामनेश्वर महादेव का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मंगलवार को आचार्य संदीप तिवारी रामभद्र मंडल भिलाई के मंत्रोच्चार से संपन्न हुआ। मंदिर निर्माण समिति के संयोजक राकेश हिरवानी ने बताया सभी के सहयोग से यह मंदिर निर्माण 3 वर्ष में हुआ है। स्थापना के दौरान 3 दिन का भोग भण्डारा रखा गया है एवं 15 फरवरी को महाशिवरात्रि मेला होगा जिसमें प्रत्येक वर्ष के तरह जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी के नेतृत्व में जलाभिषेक करेंगे।

### पटपर की झांकी का आयोजन मटिया में कल

**अंडा।** महाशिवरात्रि से पहले ग्राम मटिया (अ) में दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पटपर का कार्यक्रम 13 फ़रवरी को शाम 7 बजे रखा गया है। कार्यक्रम की जानकारी पंचायत प्रतिनिधि पंकज चौधरी, हेमशंकर चौधरी ने दी।

## निधन

### राजकुमार गुप्ता



**भिलाई।** ब्लॉक 86 प्लॉट 18-19 नेहरू नगर पूर्व निवासी राजकुमार गुप्ता 85 वर्ष का निधन 10 फरवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 11 फरवरी को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे मोनेश गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, राजेश गुप्ता एवं मनीषा कटकवार के पिता एवं अनिल गुप्ता, अशोक गुप्ता के बड़े भाई थे।

### अन्नु रंगारी



**भिलाई।** सड़क एवेन्यू ए क्वार्टर 2डी सेक्टर 11 जोन-1 खुर्सीपार निवासी अन्नु रंगारी 84 वर्ष का 11 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अजय न्यूज एजेंसी के संचालक अजय रंगारी एवं संजय रंगारी की मां थीं।

### खेमूराम साहू



**जामगांव आर।** कोसागोंदी निवासी समाजसेवी खेमूराम साहू का 10 फरवरी को निधन हो गया। 14 फरवरी को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कोसागोंदी में किया गया है। वे मोहन साहू के पिता, सदन साहू, संजय साहू के भाई एवं कामता प्रसाद साहू जामगांव आर वाले के साला थे।

**परेशानी : ग्रामीणों के मुताबिक सेल्समेन की लापरवाही का नतीजा**

# कौही में ओटीपी लेने के बाद भी 414 हितग्राहियों को जारी नहीं हुआ राशन

**लगातार आ रही शिकायतें, राशन देने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

गरीबों के राशन की कालाबाजरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। पाटन ब्लॉक के ग्राम कौही में कौही में सेल्समेन की लापरवाही के कारण हितग्राहियों को चावल नहीं मिल पाया है। करीब 414 हितग्राहियों को जनवरी का राशन नहीं मिल पाया है। खास बात यह है कि सेल्समेन हितग्राहियों का ओटीपी ले चुका है। मगर राशन के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। लापरवाही का मामला नया नहीं है, पहले भी इस प्रकार की शिकायतें सामने आ चुकी है, लेकिन खाद्य विभाग ने अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिया है। सेल्समेन से हितग्राही खासे परेशान हैं। परेशान हितग्राही खाद्यान्न के लिए भटक रहे हैं। कौही में नवम्बर माह से राशन के वितरण में लगातार अनियमित है। शिकायत करने के बाद भी अब तक कहीं कोई जांच और कार्रवाई नहीं हुई है। जनवरी माह का राशन अब तक नहीं मिलने से हितग्राहियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसकी सारी जानकारी अधिकारियों को भी दी गई है। दिसम्बर में भी ग्राम कौही की शिकायत की गई थी। बावजूद एसडीएम ने नोटिस जारी किया था। लेकिन सेल्समेन ने जवाब समय सीमा तक नहीं दिया गया।




### कई बार शिकायत कर चुके है



“सात सौ राशन कार्ड का चावल पूरा सेल्समैन ने गायब कर दिया। गांव के लोगों ने जांच की मांग की है। पाटन एसडीएम में कई बार शिकायत की, लेकिन कर्यवाई आज तक नहीं होने से सेल्समेन को हटाने की मांग की जा रही है कार्रवाई नहीं होने पर एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

**लीना साहू,** सरपंच ग्राम कौही

### खाद्य विभाग की मेहरबानी, 11 दुकानों का संचालन एक से

दिसम्बर माह कि शिकायत पर फ़ूड इंस्पेक्टर रामनारयण साहू कौही पहुंचे थे। जांच के बाद कार्रवाई के लिए एसडीएम को प्रतिवेदन सौंपा गया। लेकिन उक्त राशन दुकान पर कार्रवाई तक नहीं हो पाई। यहां का सेल्समेन मनमानी करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस राशन दुकान के सेल्समेन के पास 11 दुकान है। जिसका संचालन अलग-अलग नामों से करता आया है। खाद्य विभाग की घरो लापरवाही के कारण ही एक व्यक्ति के पास करीब दर्जन भर दुकान के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। सेल्समेन माह में दो चार दिन ही दुकान खोलता हगै। बाकि दिन उसका राशन दुकान बंद ही रहता है। राशन लेने हितग्राही भटकते रहते है।



# आंगनबाड़ी केन्द्र में मना वजन त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम अंडा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1, 2, 3, 4 एवं 5 में वजन त्यौहार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन्म से लेकर 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापी गई, जिससे बच्चों के पोषण स्तर का आकलन किया जा सके। वजन त्यौहार के दौरान प्रतिनिधि शिक्षक, एएनएम, स्वास्थ्य मितानिन एवं अन्य ग्रामों से आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बच्चों का वजन लेने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में कार्यकर्ता तारिनी ढीमर एवं जुलेखा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक डी.पी. चन्द्राकर, प्रधान पाठक एवं नोडल अधिकारी चन्द्रहास साहू उपस्थित रहे। मितानिन कमलेश्वरी सिन्हा, राधिका सिन्हा, कार्यकर्ता दालेश्वरी देशमुख एवं युगेश्वरी साहू ने भी सहयोग किया। अण्डा-02 केंद्र में डी.पी. चन्द्राकर, भानु चन्द्राकर, भारती, वार्ड पंच सुरजा निर्मलकर, कार्यकर्ता जानकी साहू एवं सक्रिय महिला तृप्ति देशमुख की उपस्थिति रही। वहीं अण्डा क्षेत्र की कार्यकर्ता शकुन साहू, कुसमा ठाकुर ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया। अण्डा-03 केंद्र में दीपिका चौहान, गिरजा जोशी (मितानिन), रमशीला कुरे, सबिता चौहान, द्रोपती तारक, रीना यादव (स्वास्थ्य विभाग), सुश्री लता एवं प्रियंका चन्द्राकर मौजूद रहीं। अण्डा-05 केंद्र में उषा साहू एवं धर्मिन साहू द्वारा बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को बच्चों के पोषण, स्वच्छता एवं नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया।

# रामायण से सीख सकते हैं जीने की कला : ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गांधी नगर अंडा में तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने किया। अपने संबोधन में विधायक चंद्राकर ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन का दर्पण है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल हमारे संस्कार जीवित रहते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। मानस का गान हमें जीवन जीने की सही कला और दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता दाऊ राधेश्याम चन्द्राकर ने की। इस अवसर पर बिरेन्द्र साहू (उपाध्यक्ष), हेमेन्द्र कुमार चन्द्राकर (कोषाध्यक्ष/समाजसेवी), तेजराम चौहान (सचिव/समाजसेवी), यशवंत सिन्हा (सहसचिव),जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, संजु यादव, राधेश्याम चंद्राकर, तिलक चंद्राकर, अजय चौहान, फेकु चंद्राकर, संतोष निर्मलकर, झाड़ु सिन्हा , थनवार चंद्राकर , गुड्डु सेन, पूर्णिमा चंद्राकर (शिक्षक), पुकेश चंद्राकर एवं संजय चंद्राकर (शिक्षक) सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महाशिवरात्रि मेला के भव्य आयोजन की चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग विकासखंड के ग्राम भरदा में प्रसिद्ध महाशिवरात्रि मेला विगत 70 सालों से लगातार आयोजित हो रहा है। सन 1956 में तत्कालीन ग्राम प्रमुखों के सौजन्य से इसका आयोजन प्रारंभ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से उमेंद्र सिंह भारदीय भरदा, उदयराम भारदीय भरदा, भीषम सिंह देशमुख चंगोरी, गजपति देशमुख चंगोरी साथ ही अछोटी, आलबरस, ख़ांड़ा, रूदा के सभी सज्जनवृंद शामिल हुए । सभी ने मिलकर भरदा बगीचा चंगोरी घाट में दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन प्रारंभ किया जो फाल्गुन कृष्ण पक्ष तिथि 12 व 13 को संपन्न होता है। इस वर्ष 14 फरवरी को शिवनाथेश्वर महादेव का अभिषेक सत्यनारायण व्रत कथा एवं आरती प्रसाद का वितरण होगा। 15 फरवरी को भक्तजनों द्वारा शिवनाथेश्वर महादेव की पूजा अर्चना मेला-मंडई का आयोजन होगा।

# बच्चों के प्रथम गुरु होते हैं माता-पिता, इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




- विनायकपुर पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला के वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक ललित

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर ने मां सरस्वती के तेल चित्रण पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति छत्तीसगढ़ की पारम्परिक संस्कृत भारत की सांस्कृतिक से ओत प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसकी सभी ने सराहना की। वहीं संस्था के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु होते है। इसलिए शिक्षा के साथ संस्कार भी घर में प्रदान करे। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, हम उसको जिस सांचे में डालना चाहते हैं, उसमें वो ढल जाते हैं। हमें बच्चों को सही दिशा और शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह शस्त्र है जिससे हम समाज और देश को बदल सकते हैं। हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना चाहिए। कार्यक्रम में केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, मोती लाल मार्कण्डे, शशी ठाकुर, पंच जगन्नाथ देवांगन, आमटी सरपंच दुर्गा साहू, विधायक प्रतिनिधि इंद्राणी दिल्लीवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई के साथ दिए पौधे




**भिलाई।** इस्पात क्लब मरोदा में भिलाई स्टील प्लांट स्टील मेल्टिंग शॉप के विदाई समारोह पर ऑफिसर व कर्मचारियों ने अपने सहकर्मियों को सम्मान बिदाई दी। इस दौरान पर्यावरण मित्र की तरफ से पौधा भेंट किया गया। ललित वर्मा ने कहा कि एक ही जगह लगातार मन लगाकर सेवा देना कर्मियों की सच्ची, कर्मठ और जुझारू ईमानदार छवि को प्रदर्शित करता है।

### यादव को भाजपा कार्य समिति सदस्य बनाने पर हर्ष



**अंजोरा।** दुर्ग समीपस्थ औद्योगिक ग्राम रसमड़ा के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामखिलावन यादव को दुर्ग जिला भाजपा के कार्य समिति सदस्य बनाये जाने पर रसमड़ा सहित क्षेत्र के कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है। यादव के समर्थक कार्यकर्ताओ ने भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक को उनके निवास स्थल पहुंच कर फुलमाला और पुष्पगुच्छ भेंटकर तथा मुँह मीठा कर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिलामंत्री राहुल पंडित एवं अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

### रामायण और जस गीत हमारी सांस्कृतिक आत्मा : कीर्ति



**पाटन।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक ग्राम फुंडा में आयोजित रामायण प्रतियोगिता एवं ग्राम जामगांव (एम) में आयोजित जस गीत झांकी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रामायण और जस गीत जैसे आयोजन हमारी लोक-संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के सशक्त माध्यम हैं, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। इस अवसर पर अमरचंद वर्मा, मेहत्तर राम वर्मा, नीलम चंद्राकर सदस्य, जिला पंचायत दुर्ग, राजेश चंद्राकर, रोशन वर्मा, उद्घोषक मोहित शर्मा, खिलेश वर्मा, दानेश्वर ध्रुव, दादू चंद्राकर, राहुल धीवर, तामेश्वर सिन्हा, ईश्वर सिन्हा, मनीष देवांगन, परसू चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, धर्मेंद्र सेन आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

### हाईटेक में बक्कल म्यूकोसा से बनाई पेशाब की नली



**भिलाई।** हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल में एक 30 वर्षीय युवक की पेशाब की नली का पुनर्निर्माण किया गया। पेशाब की नली को बनाने के लिए बक्कल म्यूकोसा (मुखीय श्लेष्मा या गाल की अंदरूनी परत) का इस्तेमाल किया जाता है। मरीज पूर्व में सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ था। उसके चेहरे पर काफी चोटें आई थीं। इसके कारण मैक्सिला और मैन्डिबल स्क्रू प्लेट से जुड़ा हुआ था। हाईटेक के यूरोलॉजिस्ट डॉ. नवीन कुमार वैष्णव ने बताया कि मुख के भीतर बहुत कम जगह ऐसी थी जिससे मुखीय श्लेष्मा प्राप्त की जा सकती थी। यह एक बड़ी चुनौती थी पर हमारे पास कोई और विकल्प नहीं था। पेशाब की नली का एक लगभग छह से सात इंच हिस्सा दोबारा बनाना था। हमने इस चुनौती को स्वीकार किया और इसमें सफल भी रहे।

बक्कल म्यूकोसा का उपयोग करके पेशाब की नली का पुनर्निर्माण करना, जिसे बक्कल म्यूकोसा ग्राफ्ट यूरेथ्रोप्लास्टी कहा जाता है, मूत्रमार्ग की रुकावट या संकुचन के इलाज की एक आधुनिक और अत्यधिक प्रभावी प्रक्रिया है। जब पेशाब की नली में चोट, संक्रमण या किसी सर्जरी के कारण निशान पड़ जाते हैं और वह सिकुड़ जाती है, तो उसे ठीक करने के लिए यह तकनीक अपनाई जाती है। डॉ. वैष्णव ने बताया कि लगभग चार घंटे तक चली इस सर्जरी के बाद युवक की पेशाब नली का पुनर्निर्माण करने में हम सफल रहे। मरीज के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा तथा जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच एमओयू



**रायपुर।** भारत के अंतर्राष्ट्रीय बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए विशेष सैलरी पैकेज उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते पर छत्तीसगढ़ सरकार की विशेष सचिव (वित्त) शीतल शाश्वत वर्मा और बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक व क्षेत्रीय प्रमुख किसलय प्रसाद भी उपस्थित रहे। इस कस्टमाइज़्ड सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारियों को 2 करोड़ रुपये तक का कुल दुर्घटना बीमा और 12 लाख रुपये तक का जीवन बीमा कवर मिलेगा। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना पर अतिरिक्त 25 लाख रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। साथ ही, होम, ऑटो, एजुकेशन और पर्सनल लोन पर रियायतें, ओवरड्राफ्ट सुविधा तथा डेबिट-क्रेडिट कार्ड, डीमैट, लॉकर रेंट में छूट सहित कई बैंकिंग सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र.:- ....../ अ-2/ 2025-2026

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेशचंद्र यादव पिता कलानाथ यादव निवासी ग्राम धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/ शहर धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1051/14 रकबा 0.0280 हे. भूमि का कृषि उपयोग अंतर्गत गोदाम हेतु, बी-1 एवं नक्शा खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी(रा.) धमधा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**-// उद्घोषणा //-**

रा.प्र.क्र..........अ-2/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नयन गुप्ता पिता राजीव गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 04 गुप्ता पारा धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर धमधा प.ह.न. 15 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 2570/9 रकबा 0.0340 हे. भूमि का कृषि उपयोग अंतर्गत गोदाम हेतु, बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे आवेदित भूमि के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण मे नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, दुर्ग (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**-// उद्घोषणा //-**

रा.प्र.क्र..........अ-2/ 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नयन गुप्ता पिता राजीव गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 04 गुप्ता पारा धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम/शहर धमधा प.ह.न. 17 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 38/2 रकबा 0.0140 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु, बी-1 एवं नक्शा, खसरा सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध मे आवेदित भूमि के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण मे नियत तिथि एक सप्ताह के भीतर तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय मे उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा, दुर्ग (छ.ग.)**

**समक्ष - श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं कामनी चौधरी पति स्व. हेमन्त कुमार उम्र 34 साल निवासी- 19/सी. गौतम नगर एम. पी. आर. रोड से. 11 जो.1 खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करती हूं :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पति हेमन्त कुमार आ. चन्द्रशेखर चौधरी के नाम पर एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम में है, जिसका पॉलिसी नंबर 386993975 जीवन सरल योजना के अंतर्गत है।
3. यह कि उपरोक्त पालिसी में मेरा नाम बतौर नामिनी “पूजा चौधरी” दर्ज है, जो कि मेरा घरेलू पुकारा जाने वाला नाम है।
4. यह कि मेरा वास्तविक नाम “कामनी चौधरी” है जो कि मेरे आधार कार्ड इत्यादि में दर्ज है। मेरा आधार नं. 2557 3473 9171 है।
5. यह कि पूजा चौधरी एवं “कामनी चौधरी” दोनों मेरे ही नाम है, तथा दोनों नाम का मैं ही एक व्यक्ति हूं, जिसके प्रमाण में यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।
6. यह कि मेरे पति हेमन्त कुमार का निधन दिनांक 07.12.2025 को हो गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है।
7. यह कि यह शपथ पत्र उपरोक्त दी गई जानकारी के प्रमाण में जो कि सहीं एवं सत्य है, सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूं, किसी प्रकार की असत्यता के लिए मैं शपथकर्ता स्वयं जवाबदार रहूंगी।

अतः शपथपत्र प्रस्तुत

**कामनी चौधरी**
**शपथकर्ता के हस्ता.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग - 4 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र / 202602104100023 / अ-74 / वर्ष 2025-2026

ग्राम - उरला प.ह.नं. 16

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक आनंद कुमार साहू पिता श्री धन्नु लाल साहू निवासी मं.नं. 400 उजाला चौंक उरला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि बड़ी बहन संगीता साहू पति श्री मेघनाथ साहू निवासी ग्राम कोड़िया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग जो कि राजस्व विभाग धमधा में भृत्य के पद में कार्यरत थी। बड़ी बहन संगीता साहू पति श्री मेघनाथ साहू की मृत्यु दिनांक 25-12-2025 को हो चुकी है एवं उसके पति मेघनाथ साहू आ. स्व. श्री रिखीराम साहू की मृत्यु दिनांक 20-05-2020 को हो चुकी है जिसके दाम्पत्य जीवन में कोई भी संतान पुत्र / पुत्री नहीं है।

मैं आनंद कुमार साहू मेरी बड़ी संगीता साहू के ऊपर पूर्ण रूप से आश्रित हूं। बड़ी बहन स्व. संगीता साहू पति श्री मेघनाथ साहू की मृत्यु के पश्चात शासकीय संस्थाओं में प्रस्तुत करने बाबत आश्रित प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु आवेदन पेश किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को आश्रिता प्रमाण पत्र आवेदक को प्रदाय करने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 9-3-2026 को लिखित में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 10-2-2026
पेशी दिनांक- 9-3-2026

**नायब तहसीलदार दुर्ग-4, (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# लेबर कोड को लेकर देशव्यापी हड़ताल आज, बीएसपी में सफल बनाने यूनियनें लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

केंद्र सरकार के जन विरोधी कदमों को लेकर कल गुरुवार को देशभर के मजदूर, किसान आदि मेहनतकशों अपनी आवाज बुलंद करेंगे। दस केंद्रीय यूनियनों के आह्वान पर यहां संयुक्त यूनियन द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र में भी देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए कर्मियों की गोलबंदी की है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन ने हड़ताल को अनुचित बताते हुए संत्र में उपस्थिति व उत्पादन को सामान्य बनाए रखने के लिए व्यापक तैयारी की है।

मजदूर विरोधी चारों नए श्रम कानूनों, वेतन समझौता व निजीकरण को लेकर श्रमिक संगठनों द्वारा बीएसपी कर्मियों को आंदोलन में शामिल होने जागरुक करते रहे। सुबह 530 बजे से मेन गेट के निकट मुर्गा चौक पर यूनियन नेता एकजुट होकर कर्मियो को हड़ताल में शरीक हो सफल बनाने जोर देंगे। इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस, सीटू, लोइमू, एक्टू यानी संयुक्त यूनियन नेताओं ने बताया कि संयंत्र व टाउनशिप में कर्मियो से मिलकर बताते रहे कि इन श्रम कानूनों के लागू होने से संगठित और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत सभी प्रकार के रोजगार में अस्थिरता और अनिश्चितता शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार के अनुशंसा पर 108 माह बीत जाने के बाद भी सेल में कार्यरत सभी कर्मियों का 2017 से लागू होने वाला वेतन समझौता,जिसमे 39 महीने के एरियर्स सहित सभी लंबित मुद्दे शामिल है, का समाधान नहीं निकला है उस पर भी विराम लगने का खतरा है। कारखानों में 8 घंटे काम करने की अनिवार्यता समाप्त हो जाने से नियोक्ता को 8 घंटे के बजाय 12 घंटे काम लेने का अधिकार मिल जाएगा, महिला सहकर्मियों को भी रात्रि पाली में बुलाने का अधिकार प्रबंधन/नियोक्ता को मिलेगा । संयुक्त यूनियन के मुताबिक नयए लेबर कोड लागू होने पर मजदूरों या ट्रेड यूनियनों की शिकायत पर कारखाना निरीक्षक बिना उपयुक्त सरकारी अनुमति के कारखाने में प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

## बीएसपी गेट के निकट सेक्टर एक चौक पर आल सुबह से संयुक्त यूनियन संभालेगी मोर्चा

### यह हैं प्रमुख मांगें

चारों श्रम संहिताओं को रद्द किया जाए,वायजाक स्टील प्लांट सहित सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण वकोयला सहित लौह अयस्क खदानों का निजीकरण बंद किया जाए। स्थाई कर्मियों की भर्ती किए जाए,असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों ठेका कर्मचारी योजना कर्मचारियों सहित सभी कर्मियों के लिए 26 हजार रुपए प्रतिमाह राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन सुनिश्चित किया जाए ,स्थाई नौकरियों के लिए ठेका आउटसोर्सिंग अनुबंध आधारित भर्ती बंद किया जाए,ठेका कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन के साथ सभी तरह की सुविधा दिया जाए ,नई श्रम शक्ति नीति 2025 रद्द किया जाए बिजली संशोधन विधेयक 2022 वापस लिया जाए, बिजली का निजीकरण बंद सेल कर्मियों का वेतन समझौता पूर्ण किया जाए,सेल कर्मियों को 39 महीने का एरियर भुगतान किया जाए।

### प्रबंधन की भी व्यापक तैयारी

गुरुवार को बीएसपी में भी देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए जहां संयुक्त यूनियन पुरोजर कवायद कर रही है वहीं दूसरी ओर बीएसपी प्रचंधन ने भी हड़ताल से कर्मियों की उपस्थिति व प्रोडक्शन पर कोई असर न पड़े इसके लिए व्यापक तैयारी की है। हड़ताल को अवैध करार देने के साथ कर्मियों को जबरिया ने रोका जाए, इसे लेकर सभी गेटों पर सीआईएसएफ़,पुलिस जवानों के साथ बीएसी अफसरो की भी ड्यूटी लगाई गई है। वहीं नाइट शिफ्ट के कर्मियों को रात में प्लांट में रोक लिए जाने की तैयारी है। हालांकि पिछले साल 40 फीसदी सफल हुई हड़ताल की पुनरावृत्ति से प्रबंधन इसलिए निश्चित बताया जा रहा है कि इस दौरान मेन पावर कम कम है और कर्मी भी अपेक्षाकृत उदासीन बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### ड्यूटी से नदारद मिले पशु चिकित्सा अधिकारी निलंबित

**दुर्ग।** दुर्ग संभाग के आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-9 (1) (क) के अंतर्गत डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी मोहला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में डॉ. अम्बुलकर का मुख्यालय कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। इस अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के प्रतिवेदन के आधार पर डॉ. अम्बुलकर के विरुद्ध शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही, उदासीनता और स्वेच्छाचारिता बरतने के गंभीर आरोप पाए गए हैं। जांच के दौरान यह पाया गया कि वे जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों में अनुपस्थित रहते थे। विभाग की अद्यतन जानकारी देने में असमर्थ रहे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वे बिना किसी सूचना के मुख्यालय से नदारद मिले। धान उपार्जन केंद्र भोजटोला में नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाए जाने के बावजूद उन्होंने वहां अपनी उपस्थिति नहीं दी और शासकीय योजनाओं की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशों की भी निरंतर अवहेलना की। उत्तर संतोषजनक नहीं पाया गया और संभाग आयुक्त श्री राठौर ने डॉ. चन्द्रशेखर अम्बुलकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### कहार भोई समाज के अध्यक्ष बने ईश्वरी मानस



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज की वार्षिक महासभा रायपुर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महासभा में समाज के नए पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनाव कराया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर मतदान किया। चुनाव परिणामों के अनुसार अध्यक्ष पद पर धमधा राज के ईश्वरी मानस निर्वाचित हुए। सचिव पद हेतु दुर्ग राज के संजय बनवासी तथा कोषाध्यक्ष पद पर महासमुंद राज के श्री मिथलेश बोयर विजयी घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता एवं व्यापक समर्थन देखने को मिला। समाज के वरिष्ठजनों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाजहित में निष्ठा, पारदर्शिता एवं विकासोन्मुख कार्य करने की सलाह दी।

## पूर्व स्पीकर पांडेय व सांसद बघेल ने इस्पात मंत्री से की निदान की मांग

# सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों व व्यापारियों को किराया वृद्धि में राहत की बंधी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रिटेंशन स्कीम का कई गुना आवासीय किराया और दुकानों के लीज प्रीमियम वृद्धि से परेशान सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों व टाउनशिप के व्यवसायियों को अब नई उम्मीद बंधी है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय और दुर्ग के सांसद विजय बघेल ने इस्पात मंत्री से रिटेंशन की पूर्व व्यवस्था को लागू करने और प्रीमियम का पुनर्निधारण करने की मांग की है। इन समस्याओं का निदान नहीं होने पर असंतोष बढ़ेगा, इसलिए जल्द राहत का आग्रह किया है, ताकि राहत मिलने से से शांति कायम रह सके।

### मुलाकात में मंत्री से मिला सकारात्मक आश्वासन



### लायसेंस पर मिल आवास

श्री पांडेय ने बताया कि पहले ट्यूबलर शेड और 24 यूनिट जैसे छोटे क्वार्टर मात्र 5 हजार की राशि पर लाइसेंस पर दिए जाते थे। अब इनका नवीनीकरण नहीं किया जा रहा है। मांग की कि इन क्वार्टरों के लिए लाइसेंस योजना पुनः लागू की जाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो कर्मचारियों, नागरिकों और व्यापारियों में असंतोष बढ़ेगा। इसलिए तत्काल हस्तक्षेप कर स्थानीय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दें, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और टाउनशिप में शांति कायम रहे। इसपर इस्पातमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिये हैं।

### इस्पात मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया है

दोनों वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मंत्री एचडी कुमार स्वामी से मिलकर टाउनशिप के कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मियों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को प्रभावित करने वाली नीतिगत समस्याओं पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। श्री पाण्डेय ने बताया कि संयंत्र प्रबंधन द्वारा किराए, लीज प्रीमियम और आवासीय नीतियों में की गई अचानक और अत्यधिक वृद्धि ने नागरिकों पर भारी आर्थिक बोझ डाल दिया है। श्री पांडेय ने ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2007 से लागू रिटेंशन स्कीम योजना के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पूर्व निर्धारित दरों पर आवास उपलब्ध कराया जाता था। यदि निर्धारित अवधि के बाद आवास खाली नहीं किया जाता, तो 32 गुना किराया वसूला जाता था। लेकिन नवंबर 2025 से इस व्यवस्था को समाप्त कर सीधे 24 प्रति वर्गफुट की दर लागू कर दी गई। इसके चलते 700 वर्गफुट के क्वार्टर में रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अब 15 हजार से 17 हजार रुपए तक मासिक किराया देना पड़ रहा है। उन्होंने इसे अव्यावहारिक और अन्यायपूर्ण बताते हुए पूर्व व्यवस्था को पुनः लागू करने की मांग की है। इसके अलावा टाउनशिप में बैंक, डाक विभाग, पुलिस और शिक्षा विभाग जैसे संस्थानों के कर्मचारियों को भी बीएसपी द्वारा आवास किराए पर दिए जाते रहे हैं। पहले इनका किराया 5 रुपए प्रति वर्गफुट था, लेकिन नवंबर में एकाएक 60 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई। इससे इन संस्थानों के कर्मचारियों पर भारी आर्थिक बोझ आ गया है। सामान्य किराया अधिनियमों के अनुसार प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि उचित नहीं मानी जाती, लेकिन बीएसपी प्रबंधन ने सार्वजनिक परिसंपत्ति अधिनियम का सहारा लेकर मनमानी वृद्धि की है। उन्होंने इसे तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### व्यापारियों का लीज प्रीमियम हो पुनर्निर्धारित

श्री पाण्डेय ने इस्पात मंत्री से व्यापारियों को लीज प्रीमियम को भी पुनर्निर्धारित किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वर्षों पहले दुकानों का निर्माण कर उन्हें किराए पर दिया गया था। 1991 में इन्हें लीज पर देते समय स्पष्ट किया गया था कि लीज प्रीमियम एक बार तय होगा और केवल लीज रेंट में प्रतिवर्ष वृद्धि होगी। लेकिन अब नवीनीकरण से पूर्व ही लीज प्रीमियम में बेतहाशा वृद्धि कर दी गई है। इससे छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े संस्थानों तक पर भारी बोझ पड़ा है। उन्होंने इस व्यवस्था को अनुचित बताते हुए प्रीमियम और किराए का पुनर्निर्धारण करने की मांग की गई है। इसी तरह कई क्षेत्रों में मकान तोड़ दिए गए हैं और भूमि खाली भूमि का राज्य शासन द्वारा कल्याणकारी कार्यों के लिए उपयोग किए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कैंप और खुर्सीपार जैसे क्षेत्रों में भी अनेक भू-खंड रिक्त हैं। इन भूमियों का उपयोग नगर निगम या राज्य शासन द्वारा जनकल्याणकारी कार्यों के लिए किया जा सकता है। वर्ष 2017 में इस संबंध में प्रस्ताव भी भेजा गया था। उन्होंने मांग कि है कि इन भूमियों को सार्वजनिक उपयोग के लिए राज्य शासन को सौंपा जाए। ज्ञापन में पूर्व मंत्री ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को क्वार्टर उपलब्ध कराने का आग्रह करते हुए बताया कि वर्तमान में उन्हें अधिकतम 450 वर्गफुट तक के क्वार्टर ही लाइसेंस पर दिए जा रहे हैं, जबकि अन्य इस्पात संयंत्रों में 650 वर्गफुट तक के क्वार्टर उपलब्ध कराए जाते हैं। भिलाई में भी यही सुविधा देने की मांग की है।

## गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित पांच प्रतिमाएं खंडित, कला जगत में रोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट के पास नीचे गिरे हुए मिली प्रतिमाएं

सिविक सेंटर स्थित पायनियर मोन्यूमेंट में स्थापित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर सहित अन्य 5 प्रतिमाओं को नीचे गिरा हुआ पाया गया। इस घटना से शहर के कला और साहित्य जगत में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सूचना मिलते ही कला साहित्य बिरादरी के सदस्य स्थल पर एकत्रित हुए और नगर प्रशासन विभाग से गुरुदेव तथा अन्य प्रतिमाओं को शीघ्र पुनः स्थापित करने की मांग की। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रतिनिधि ने मौके पर उपस्थित होकर समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। कला साहित्य मित्र समूह कवच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मणिमय मुखर्जी ने इसे अत्यंत दुःखद और निंदनीय बताते हुए कहा कि भिलाई इस्पात नगरी हमेशा से सामाजिक सौहार्द और एकता की मिसाल रही है। जहां भारत की विभिन्न संस्कृतियों का मिलाप हमेशा से देखने को मिलता है। भिलाई में इस तरह की घटना बहुत ही दुखद है। गुरुदेव केवल महान कवि ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, मानवता और विश्वबंधुत्व के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा का अपमान हमारी सामूहिक चेतना को आहत करता है। अध्यक्ष शक्ति चक्रवर्ती ने कहा कि पायोनियर मॉन्यूमेंट जैसे गौरवपूर्ण स्थल पर स्थापित मूर्तियों को गिरा दिया गया है। उन्हें बिना किसी विवाद के पुनः सम्मान सहित स्थापित किया जाना चाहिए। शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि गुरुदेव के विचार आज भी शांति और प्रेम का पथ आलोकित करते हैं, आवश्यकता है कि हम उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में सौहार्द और सम्मान की भावना को सुदृढ़ करें। इस दौरान सरसीज घोष,मनोज ठाकरे, मिथुन दास, बबलू विश्वास, शांतनु दासगुप्ता, मनोरंजन दास, प्रदीप मित्रा आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी कल

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा एक और लाटरी का ऐलान किया गया है। जिसके तहत अनेक नागरिको को स्वयं का आवास पाने का सौगात मिलेगा। इस योजना का उददेश्य गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों और मध्यवर्गीय वर्ग के लोगों को सस्ती दरों पर घर उपलब्ध कराना है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार 12 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे निगम मुख्य कार्यालय सभागार कक्ष में आवास आबंटन की लाटरी आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लाटरी पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। आवेदन करने के बाद पात्र हितग्राहियों को लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित किया जायेगा और आवास आबंटित होंगे।

## 15 को निकलेगी भोले बाबा की बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

महाशिवरात्रि पर बोल बम सेवा और कल्याण समिति द्वारा 15 फरवरी को भगवान भोलेनाथ की बारात निकली जाएगी। भोले बाबा की बारात में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के हजारों लोग शामिल होंगे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए सेक्टर 6 पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर के अध्यक्षता में बोल बम समिति की बैठक हुई।

बैठक में समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने बताया कि बाबा की बारात में शामिल होने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्रमोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित वरिष्ठ मंत्रियों और लोगों को आमंत्रण पत्र दिया गया है। बाबा की बारात में वीवीआईपी लोग शामिल होंगे। दया सिंह ने बताया कि भोले बाबा की बारात दोपहर 2 बजे से निकलेगी। बारात दोपहर 2 बजे इंदिरा नगर हथखोज वार्ड 1 से प्रस्थान कर राम जानकी शिव मंदिर में पूजा अर्चना होगी। ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए केनाल रोड, कार्तिकेय चौक, बोलबम चौक, नंदी तिराहा, जोन-1 शिव मंदिर होते हुए जोन-2 श्रीराम चौक होते हुए दुर्गा मैदान खुर्सीपार में विवाह स्थल पर समापन होगा। इस दौरान यातयात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन के लिए एवं कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की आवश्यकता है। इसपर एएसपी राठौर ने सहयोग देने का आश्वासन दिया। इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा रूट चाट तैयार के साथ ही अलग-अलग पॉइंट बनकर पुलिस की तैनात की जाएगी। बैठक में समिति के सुनील गोयल, मुकेश शर्मा, प्रमोद सिंह, ब्रिजेन्द्र मिश्रा, प्रशांत कुमार, राकेश प्रसाद आदि शामिल थे।



■ भोले बाबा की बारात को लेकर पुलिस प्रशासन और समिति की हुई बैठक

## हीमोफीलिया पीड़ित छात्र के लिए उपलब्ध कराया इंजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने हीमोफीलिया पीड़ित छात्र की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया है। भिलाई टाउनशिप निवासी कक्षा दसवीं के छात्र आरूष के लिए विधायक ने तत्काल हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 इंजेक्शन की व्यवस्था की और उसे छात्र की माता बी शारदा पखाले को सौंपा। इस पहल के लिए छात्र के परिजनों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि छात्र आरूष हीमोफीलिया बी फेक्टर-9 की कमी से पीड़ित है। इस बीमारी में शरीर में क्लॉटिंग फैक्टर्स की कमी के कारण चोट लगने पर खून आसानी से नहीं जमता, जिससे आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव का गंभीर खतरा बना रहता है। समय पर इंजेक्शन न मिलने से असहनीय दर्द और अंगों के खराब होने का डर रहता है।आरूष की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होने वाली हैं। ऐसे नाजुक समय में परिवार इंजेक्शन की अनुपलब्धता के कारण काफी परेशान था। परिजनों ने जब विधायक रिकेश सेन से मदद की गुहार लगाई, तो उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इंजेक्शन मंगवा कर पाखले परिवार को राहत पहुंचाई। विधायक सेन ने केवल तात्कालिक सहायता ही नहीं की बल्कि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न आए, इसके लिए ठोस कदम उठाए हैं।



## परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों में चोरी और 6 लाख का मोबाइल पार करने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ भिलाई नगर थाना क्षेत्र की घटना, खेल मैदान के वाहनों को भी करता था चोरी

खेल मैदान और परीक्षा केन्द्र के बाहर खड़े वाहनों की चोरी और मोबाइल पार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर संदेह के आधार पर कातुलबोर्ड हरिनगर दुर्ग जो स्थायी जबलपुर एमपी निवासी शुभम श्रीवास को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि स्कूटी समेत अन्य वाहनों के डिक्की से मोबाइल, पर्स, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड चोरी करता था। आरोपी मोबाइल को सामान्य लॉक पैटर्न के जरिए अनलॉक कर लेता था। बैंक खातों से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर पैसे भी निकाला करता था। चोरी के मोबाइल से ही वो अपना खर्च चला रहा था।

आरोपी सेक्टर-7 भिलाई में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान खड़े वाहनों से तीन मोबाइल फोन, कार की चाबी समेत अन्य सामान पार करने की शिकायत मिली थी। जांच में पता चला कि आरोपी शुभम श्रीवास खेल मैदानों और परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाता था।

आरोपी के पास से विभिन्न कंपनियों के मोबाइल जब्त किया हैं। उक्त सामानों की कीमत 6 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

## दंतेवाड़ा प्रशासन के बीच ट्राइबल रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क स्थापना के लिए एमओयू

# आईआईटी की बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास व रोजगार सृजन करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई आईटीआई बस्तर क्षेत्र में कौशल विकास, रोजगार सृजन तथा प्रौद्योगिकी आधारित ग्रामीण परिवर्तन को नई दिशा देने की पहल की है। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई एवं जिला प्रशासन, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता जापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत दंतेवाड़ा में ट्राइबल रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क की स्थापना की जाएगी। समझौता जापन पर हस्ताक्षर प्रो. राजीव प्रकाश, निदेशक, आईआईटी भिलाई तथा देवेश कुमार ध्रुव (आईएएस), कलेक्टर, दंतेवाड़ा की उपस्थिति में हुआ।

### आधारभूत संरचनाओं के अनुरूप सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होंगे विकसित

भिलाई आईआईटी की पहल के तहत जिले की उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं को एक सुव्यवस्थित एवं पेशेवर रूप से संचालित उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के रूप में विकसित किया जाएगा। जो जनजातीय युवाओं के कौशल विकास, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, अनुप्रयुक्त अनुसंधान, नवाचार तथा उद्द्यमिता संवर्धन पर केंद्रित होगा। समझौते के अनुसार आईआईटी भिलाई शैक्षणिक एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेगा, जिसमें पाठ्यकम निर्माण, अनुसंधान समेकन, प्रौद्योगिकी अनुकलन तथा संस्थागत सुदृढ़ीकरण शामिल होगा। जिला प्रशासन आधारभूत संरचना उपलब्ध कराने, हितग्राहियों की पहचान एवं विभागीय समन्वय सुनिश्चित करने में सहयोग करेगा।



### रोजगार योग्य कौशल की चुनौती होगी दूर

यह पहल जिले में रोजगार योग्य कौशल की कमी की चुनौती को दूर करने के उद्देश्य से पारंभ की गई है। टीआरआईपी मॉडल उद्योग सम्बंध कौशल प्रशिक्षण, उद्यमिता पौत्साहन तथा क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी समाधान के एकीकरण पर आधारित होगा। प्रमुख क्षेत्रों में खनन सहयोग सेवाएं, कृषि एवं वनोपज मूल्य संवर्धन, स्वच्छ ऊर्जा, ईको टूरिज्म तथा डिजिटल शासन शामिल है। बस्तर पडुम 2026 के अंतर्गत आयोजित 'बस्तर नवाचार मंडई में आईआईटी भिलाई द्वारा बस्तर केन्द्रित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया था। इनमें सौर ऊर्जा आधारित उपकरण, बैटरी संचालित कृषि उपकरण, पोर्टवल कोल्ड स्टोरेज, डिजिटल स्वास्थ्य कियोस्क समावेशी एटीएम समाधान तथा शासन मोनिटरिंग डैशबोर्ड शामिल थे। इन तकनीकों को चरणबद्ध रूप से दंतेवाड़ा के दूरस्थ क्षेत्रों में लागू करने की योजना है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



04

भीड़ में दिखना चाहते हैं अलग, ट्राई कीजिए...

लाइव इवेंट

## संस्कार और सामाजिक सद्भावना का केंद्र है शासकीय विद्यालय




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रिंसिपल एसोसिएशन द्वारा रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के प्रेक्षागृह में शैक्षिक संगोष्ठी और अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव और विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा और रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शैलेंद्र पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्राचार्यगणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालय बच्चों के संस्कार और सामाजिक सद्भाव के केंद्र है। क्योंकि शासकीय विद्यालय में गरीब, अमीर तथा सभी समुदाय के बच्चे एक साथ अध्ययन करते हैं। पहले जब शासकीय विद्यालय में संसाधन का अभाव था तो छात्रों की दर्ज संख्या बहुत ज्यादा थी, किंतु आज जब शासकीय विद्यालय में पर्याप्त संसाधन है तब निरंतर कम हो रही दर्ज संख्या हमारे शिक्षकों और प्राचार्यों के लिए एक चिंतन का विषय है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कहा कि समय के साथ शिक्षकों के सम्मान में परिवर्तन हुआ है। शिक्षकों को समय के प्रति पाबंद होकर अपना कार्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। पूरे प्रदेश से बड़ी संख्या में आए पदोन्नत प्राचार्य और समारोह में उपस्थित लोगों को रायपुर उत्तर विधायक विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने उद्बोधन से जमकर हंसाया। विश्विद्यालय के कुल सचिव पटेल ने कहा कि प्राचार्य पदोन्नति के बाद भी प्राचार्य अध्यापन कार्य से जुड़े रहे तथा नियमित रूप से दो कालखंड अध्यापन कार्य करते रहें। प्रिंसिपल एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी पदोन्नत प्राचार्यों को बधाई देते हुए पदोन्नति प्रक्रिया में संचालनालय से न्यायालय तक संघर्ष में साथ देने वाले साथियों एवं प्रदेश के मुख्य मंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री के छः माह के कार्यकाल में 2800 प्राचार्य , व्याख्याता एवं संभाग तथा जिला स्तर पर शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों सहित दस हजार की पदोन्नति करने एवं पारदर्शिता के साथ पदांकन करने के लिए आभार व्यक्त किया।



● 300 विद्यालयों और महाविद्यालयों के 500 से अधिक विद्यार्थी राज्य गौ-विज्ञान परीक्षा में हुए शामिल

# गौ माता के सामाजिक, सांस्कृतिक और शास्त्रीय महत्व बताकर विद्यार्थियों को गौ-पालन और संरक्षण के लिए किया प्रेरित, लगाई साग-भाजी वाटिका

गौ-विज्ञान, गौ-संरक्षण और भारतीय संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों में जागरुकता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य गौ-विज्ञान परीक्षा 2025-26 के द्वितीय चरण का आयोजन भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग में संपन्न हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने गौ-विज्ञान और गौमाता के सामाजिक, सांस्कृतिक और शास्त्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गौ-पालन और गौ-संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा साग-भाजी वाटिका भी लगाई गई थी। जिसकी सभी ने सराहना की।



**दुर्ग।** जिला स्तरीय गौ-विज्ञान परीक्षा का द्वितीय चरण में लगभग 300 विद्यालयों और महाविद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया था, ये सभी विद्यार्थी प्रथम चरण में अपने-अपने संस्थानों में आयोजित परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर चयनित हुए थे। जिसके द्वितीय चरण में 350 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस दौरान प्रतिभागी को प्रोत्साहन स्वरूप पंचगव्य प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग विभाग कार्यवाह दिलेश्वर उमरे ने की। मुख्य अतिथि शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आई. पी. मिश्रा, और विशिष्ट अतिथि दुर्ग जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा गतिविधि विभाग विजय अग्रवाल और संघ चालक जिला दुर्ग गंगाधर जाधव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक संजय ठाकुर, सह-संयोजक संजय मिश्रा, जिला परीक्षा प्रभारी डॉ. एस. पी. शुक्ला और निवेदक सुनील पटेल जिला कार्यवाह दुर्ग थे।

### परीक्षा का परिणाम 15 फरवरी तक घोषित

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा साग-भाजी वाटिका का भी आयोजन किया गया, जिसका अवलोकन अतिथियों और अभिभावकों द्वारा किया गया। जिसे देखकर साग-भाजी वाटिका की सभी ने सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश रजक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने दोपहर डेढ़ बजे से तीन बजे तक परीक्षा में सहभागिता की। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप पंचगव्य प्रदान किया गया। आयोजकों ने परीक्षा की कई महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का परिणाम 15 फरवरी तक घोषित किया जायेगा। यह आयोजन गौ-विज्ञान, गौ-संरक्षण एवं भारतीय संस्कृति के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण, प्रेरणादायक एवं सराहनीय प्रयास किया गया था।

### सुरभि मंत्र के द्वारा किया गया गौ-यज्ञ

यह परीक्षा जिला स्तरीय गौ-विज्ञान परीक्षा का द्वितीय चरण में आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग 300 विद्यालयों और महाविद्यालयों के चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। ये सभी विद्यार्थी प्रथम चरण में अपने-अपने संस्थानों में आयोजित परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर चयनित हुए थे। जिसके द्वितीय चरण में 350 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थियों और लगभग 400 से अधिक शिक्षक और अभिभावकों की सहभागिता रही। परीक्षा से पूर्व आचार्य नीलेश शर्मा के पौरोहित्य में प्रोफेसर डॉ. संजीव कर्मकार वशिष्ठ, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों द्वारा सुरभि मंत्र के द्वारा गौ-यज्ञ का आयोजन किया गया।



### गौमाता के संरक्षण के लिए किया मार्ग दर्शन

इस अवसर पर मुख्य अतिथि और अध्यक्ष द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में आई. पी. मिश्रा ने गौ-विज्ञान और गौमाता के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शास्त्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को गौ-पालन और गौ-संरक्षण के लिए प्रेरित किया।



## दंत परीक्षण कर बच्चों को ब्रशिंग टेक्निक की दी जानकारी, हुआ क्विज़ कांपीटीशन का आयोजन

**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग–भिलाई के तत्वावधान में शासकीय माध्यमिक विद्यालय, मौहरी मरौदा में दंत स्वास्थ्य परीक्षण और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग–भिलाई की अध्यक्ष डॉ. दीप्ति राठौर के उद्बोधन के साथ हुई। शिविर के दौरान विद्यार्थियों का दंत परीक्षण किया गया तथा डॉ. रजत कुमार जैन द्वारा प्रश्नावली आधारित दंत स्वास्थ्य क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों की सहभागिता के लिए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय को भी आईडीए की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में सेवाएं देने वाले दंत चिकित्सकों डॉ. मीनल साटकर साहू, डॉ. मयूरी राय, डॉ. अरुषी चौबे, डॉ. निकिता जोतवानी, डॉ. निकिता महेश्वरी एवं डॉ. भारती प्रसाद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईडीए समिति सदस्य डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. साकेत बंचोर एवं डॉ. रजत कुमार जैन की उपस्थिति रही। डॉ. रेड्डीज़ टीम को भी उनके सहयोग के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाओं में वर्षा और कौशिक गंगेश ने सहयोग किया। डॉक्टरों की टीम ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य





विद्यार्थियों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना और नियमित दंत जांच के महत्व को समझाने के लिए किया गया था।

## विद्यार्थियों की मानसिक समस्याओं का किया जा रहा समाधान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा 2026 के हेल्पलाइन कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत 5 से 18 फरवरी तक शुरू की गई है। नेहरू नगर पूर्व भिलाई निवासी डॉ. विभा रानी साहू मनोवैज्ञानिक के रूप में विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर रही है। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्न जिसमें परीक्षा का भय, तनाव, चिंता व समय प्रबंधन को लेकर विभिन्न प्रश्न पूछे गए। जिसका डॉ. विभारानी साहू ने सरल, सहज व प्रेरणात्मक रूप से उत्तर देकर उनका समाधान किया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस पर प्रथम पाली में विषय विशेषज्ञ के रूप में जीव विज्ञान से डॉ. माधुरी बोरेकर, लेखाशास्त्र से अमी सोनी, सहायक प्राध्यापक अलका जैन और मनोवैज्ञानिक के रूप में डॉ. विभा रानी साहू शामिल रही। हेल्पलाइन का संचालन मंडल के उप सचिव डॉ. बी रघु के मार्गदर्शन और डॉ. प्रदीप साहू के समन्वय से किया जा रहा है। इसके पूर्व डॉ. विभारानी मनोवैज्ञानिक के रूप में विभिन्न राष्ट्रीय सेमिनार मे मनोवैज्ञानिक के रूप में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं। वर्तमान में डॉ. विभा रानी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोरचाटोला मे व्याख्याता अर्थशास्त्र के पद पर कार्यरत है। वे दुर्ग के सेवानिवृत लेखापाल और कवि स्वर्गीय नर्मदा प्रसाद साहू और शिक्षिका जानकी साहू की सुपुत्री हैं।



लाइव इवेंट

## विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने किया हवन



**भिलाई।** डीएवी. पब्लिक स्कूल हुडको में बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को परीक्षा से पहले मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त करने के लिए किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन द्वारा किया गया, जिससे विद्यालय परिसर श्रद्धा, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहा। हवन के बाद विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार ने विद्यार्थियों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता की मंगलकामना की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि परीक्षा जीवन का केवल एक पड़ाव है, अंतिम लक्ष्य नहीं। यह समय विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और धैर्य की वास्तविक कसौटी होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सफलता केवल अंकों की उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, ईमानदार प्रयास और सकारात्मक सोच का परिणाम होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य को सदैव दृष्टि में रखें, समय का सदुपयोग करें और निरंतर अभ्यास को अपना मूल मंत्र बनाएं। जब उद्देश्य स्पष्ट हो और मन एकाग्र हो, तब कठिन से कठिन मार्ग भी सरल प्रतीत होने लगता है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भय और अनावश्यक दबाव से मुक्त रहकर आत्मबल के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का स्नेहपूर्ण सहयोग विद्यार्थियों के जीवन में स्थायी संबल का कार्य करता है। यह आशीर्वाद और विश्वास ही विद्यार्थियों को प्रत्येक चुनौती में आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करता है।

इस अवसर पर परीक्षा विभाग की ओर से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित सामान्य निर्देश एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र पर समय से पूर्व उपस्थित होने, प्रवेश-पत्र एवं आवश्यक सामग्री साथ रखने, उत्तर-पुस्तिका को सावधानीपूर्वक भरने, प्रश्नपत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने तथा समय-प्रबंधन के साथ उत्तर लिखने संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। साथ ही परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने और बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह से पालन करने की सलाह दी गई, ताकि विद्यार्थी किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचते हुए आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

ख्याति साहू और अदिति उपाध्याय से प्रधानमंत्री से की चर्चा, केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हर्ष का माहौल

# केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की दो छात्राओं को प्रधानमंत्री से मिलने का मिला अवसर, परीक्षा पर चर्चा कर मिला अनुभव

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा के दूसरे एपिसोड में पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग की दो छात्राओं ख्याति साहू और अदिति उपाध्याय को सहभागिता का अवसर मिला। यह उपलब्धि दुर्ग शहर के साथ-साथ पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग और पूरे रायपुर संभाग के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के पीछे विद्यालय की शिक्षिका बिंदु शिवराजन का विशेष योगदान रहा। साथ ही विद्यालय की उप-प्राचार्य पुष्पा बड़ा द्वारा भी छात्राओं को निरंतर प्रोत्साहित किया गया।

प्रधानमंत्री के इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों को शामिल कराने में विद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य उमाशंकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ ही इन छात्राओं को केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग की उपायुक्त पीवीएस उषा और सहायक आयुक्त विवेक चौहान से निरंतर मार्गदर्शन मिलता रहा, जिससे वे इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम तक पहुंच सकीं।



### अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी सीख का माध्यम

कार्यक्रम के संबंध में डॉ. अजय आर्य ने बताया कि विद्यालय की दो छात्राओं को प्रधानमंत्री से प्रत्यक्ष मिलने का अवसर प्राप्त हुआ, जो अपने आप में अत्यंत प्रेरणादायी अनुभव रहा। प्रधानमंत्री ने जिस सहजता से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को स्वीकार किया और अपने हाथों से बच्चों को खिलाया, वह उनकी आत्मीयता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री का छात्रों से सीधा संवाद, उनकी सरलता, परीक्षा को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन मूल्यों से जुड़ी प्रेरणादायक बातें न केवल छात्रों के लिए, बल्कि अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए भी सीख का सशक्त माध्यम बनीं।

### संवाद शैली विद्यार्थियों के लिए रही प्रेरणादायक



प्रधानमंत्री के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम की सराहना करते हुए बिंदु शिवराजन ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की दिशा देता है। एस. के. चतुर्वेदी ने इसे छात्रों के मानसिक विकास और सकारात्मक सोच को सुदृढ़ करने वाला मंच बताया, वहीं विकास यादव ने प्रधानमंत्री के सरल व्यक्तित्व और संवाद शैली को विद्यार्थियों के लिए प्रेरक कहा। विद्यालय के मुख्य अध्यापक कमल सोनी ने कहा कि यह कार्यक्रम परीक्षा को उत्सव के रूप में देखने की सोच विकसित करता है, जबकि उप-प्राचार्या ने परीक्षा पर चर्चा विद्यार्थियों में आत्मबल, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

## सिटी इवेंट

# पवन दीवान की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, पढ़ा काव्य पाठ



**भिलाई।** संत पवन दीवान की पुण्यतिथि पर अगास दिया परिसर में लेखिका डॉ. रजनी नेल्सन का एकल काव्य पाठ और वक्तव्य आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, समाजसेवियों और कवियों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कर संत को श्रद्धांजलि दी। डॉ. रजनी नेल्सन ने अपनी पुस्तक से संत पवन दीवान के व्यक्तित्व और छत्तीसगढ़ पर उनके ऐतिहासिक प्रभाव पर आधारित आलेख का वाचन किया। उन्होंने बताया कि दीवान जी का नेल्सन कला गृह से विशेष स्नेह रहा और वे यहां आयोजित कार्यक्रमों में नियमित रूप से शामिल होते थे।

■ संत पवन दीवान की पुण्यतिथि पर अगासदिया परिसर में काव्य पाठ

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. परदेशी राम वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि संत पवन दीवान केवल कवि ही नहीं, बल्कि चिंतक और समाजद्रष्टा थे। गरियाबंद क्षेत्र की यात्रा के दौरान आदिवासी समाज की गरीबी और अभाव देखकर उन्होंने सादगी को जीवन का हिस्सा बना लिया। छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति की उपेक्षा को वे गंभीर विषय मानते थे और उसके सम्मान के लिए लगातार आवाज उठाते रहे। आमदीनगर सीनियर सिटीजन संघ के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने कहा कि दीवान का आमदीनगर से गहरा जुड़ाव था। उन्होंने यहां के तालाब में पूजन किया था और उनकी प्रेरणा से अगास दिया परिसर में माता कौशल्या की विराट प्रतिमा स्थापित हुई। अरुण अग्रवाल ने मांग रखी कि आमदीनगर के तालाब का नामकरण संत पवन दीवान के नाम पर किया जाए। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और महान संत की स्मृति में नामकरण होना चाहिए। कार्यक्रम में रामसेवक वर्मा ने डॉ. रजनी नेल्सन को छत्तीसगढ़ी दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया। अगास दिया परिसर के नीतीश वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## धर्म लाइव

# नाटिका में दिखाया नशा नाश जड़, आध्यात्मिक मेला शुरू



**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर दुर्ग में 8 से 16 फरवरी तक चलने वाले नौ दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला में मंत्री गजेन्द्र यादव ने दीप प्रज्वलन किया। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, ब्रह्माकुमारी रीटा संचालिका ब्रह्माकुमारी दुर्ग सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। आध्यात्मिक मेला प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक और शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक दर्शनाथ खुली है। इस वर्ष विशेष नृत्य नाटिका नशा नाश का द्वार है, राजयोग सफलता का है का आयोजन मेले में विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।



## समाज इवेंट

# कवि ओमवीर करन को मिला कृति सारस्वत सम्मान



**भिलाई।** कृति कला साहित्य परिषद सीपत के 25वें स्थापना दिवस को रजत जयंती के रूप में देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन, शनिचरी न्यायधानी बिलासपुर में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में साहित्यकार शामिल हुए। समारोह के दौरान 10 पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें प्रेमलता यदु की लुकाछिपी, कन्हैया साहू की बालकथा कल्याणी, हेमंत अगम का बालकविता संग्रह बालमन सहित अन्य कृतियां शामिल रहीं। आयोजन के तहत काव्य प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ के 164 कवियों ने मंच से अपनी रचनाओं का पाठ किया। निर्णायक मंडल में गीतकार एम डी मानिकपुरी, साहित्यकार सुरेश पैगवार और विश्वनाथ कश्यप शामिल थे। उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए दुर्ग-भिलाई के कवि ओमवीर करन और कविता जैन को कृति सारस्वत सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान निर्णायकों, शरद यादव अक्स और मीर अली मीर के हाथों प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और पुस्तकें भेंट की गईं। कार्यक्रम का आयोजन परिषद के संस्थापक और प्रांतीय अध्यक्ष शरद यादव अक्स के नेतृत्व में संपन्न हुआ। ओमवीर करन को यह सम्मान मिलने पर डॉ. बीना सिंह रागी, गोविंद पाल, प्रदीप भट्टाचार्य और प्रदीप पांडे सहित साहित्य जगत से जुड़े लोगों ने हर्ष जताया है।

## पीएम सेजेस आत्मानंद स्कूल बोरी का वार्षिक उत्सव अभिव्यक्ति 2026 सम्पन्न

# वार्षिक उत्सव में दिखी रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों की झलक

भिलाई। पीएम सेजेस आत्मानंद स्कूल बोरी में वार्षिक उत्सव अभिव्यक्ति 2026 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद अतिथियों का पुष्पमाला और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और शैक्षणिक उपलब्धियों की झलक एक साथ देखने को मिली। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अभिभावक, ग्रामीणजन और विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू थे। अध्यक्षता तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बीरबल पटेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, महामंत्री नीलांबर साहू, सूरज देशमुख, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, सरपंच टेकेश्वर देशमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य रामजी सिंह, प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में अभिभावक कार्यक्रम में शामिल हुए।






### आपरेशन सिंदूर की झांकी

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में ऑपरेशन सिंदूर की भावपूर्ण झांकी ने दर्शकों को भावुक कर दिया। स्कूल चले हम थीम, छत्तीसगढ़ी नृत्य के साथ मराठी, गुजराती, कश्मीरी, पंजाबी और उत्तर प्रदेश की लोक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को रंगीन बना दिया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और टीमवर्क की सभी ने सराहना की।





### बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू द्वारा सम्मानित किया गया। विधायक ईश्वर साहू ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए की घोषणा की। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अरविंद पटेल की मांग पर यह स्वीकृति दी गई। तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू ने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और पीएम श्री योजना से सरकारी स्कूल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक लिखनलाल भुवार्य और हीरालाल साहू ने किया। प्राचार्य रामजी सिंह ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## आयोजन

# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में खिलाड़ियों व मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान



**दुर्ग।** स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश व हिंदी मीडियम स्कूल तितुरडीह दुर्ग में प्राचार्य जे लांबा के निर्देशन और मार्गदर्शन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। खेल में राज्य पदक विजेता खिलाड़ी भूमि बंजारे और जी केतन सहित विद्यालय में साल भर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विद्यावती सिंह पार्षद तितुरडीह, शाला प्रबंधन और विकास समिति के अध्यक्ष इंद्र कुमार गंधर्व, एसएमडीसी के सदस्य धन सिंह चन्द्राकर थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के रायपुर में आयोजित फुटबॉल स्पर्धा में भूमि बंजारे की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसलिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के बोनस अंक योजना लाभ भी मिलेगा।

राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता अम्बिकापुर में जी केतन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों खिलाड़ियों को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया। हिंदी मीडियम से हिंदी दिवस कार्यक्रम में संजना यादव, स्वच्छता उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत कविता वाचन में देविका देवांगन, नारा लेखन में टी सरूपा, निबंध लेखन में जानकी मानिकपुरी, सिंगल यूज प्लास्टिक जागरूकता अभियान पोस्टर मेकिंग में एस सरूपा, स्वच्छ भारत पोस्टर मेकिंग में डिकेश कुमार, राज्य स्थापना दिवस आयोजन अंतर्गत छत्तीसगढ़ी व्यंजन में पुष्कर सोनी, पोस्टर मेकिंग में माधवी साहू, रंगोली में श्रुति चक्रवर्ती एव रागिनी, छत्तीसगढ़ी नृत्य में, तनु श्री एव साथी ,बाल मेला स्टाल में सोमेश एव तुषार, कविता वाचन में एस सरूपा, नृत्य में जानकी मानिकपुरी एवं साथी, नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत पोस्टर मेकिंग में फनीस देवांगन, स्लोगन राइटिंग में रागिनी यादव प्रथम रहे। उन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । कार्यक्रम का संचालन इबरत आफरीन और धन्यवाद ज्ञापन पवन यादव ने किया।

## जागरुकता

# यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग-भिलाई ने की ट्रेकिंग



**भिलाई।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया दुर्ग भिलाई इकाई का एक दिवसीय ट्रैकिंग सह ट्रेनिंग डंगोरा बांध और मां भवानी मन्दिर करेला में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 25 सदस्यों ने हिस्सा लिया। आयोजन के विषय में जानकारी देते हुए संस्था के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि सेक्टर 9 हास्पिटल भिलाई से राष्ट्रगान के बाद बस रवाना हुई। जहां सबसे पहले प्राचीन मन्दिर भुंईफोड़ महादेव कोड़िया का अवलोकन किया गया। उसके बाद ऐतिहासिक त्रिमूर्ति महामाया मन्दिर धमधा और कलश हनुमान मन्दिर धमधा और गौड़ राजाओं द्वारा निर्मित भग्नावशेष पुरातात्त्विक किला, धार्मिक आस्था के केन्द्र स्वयंभू महादेव मन्दिर शिवकोकड़ी का दर्शन किया।

वरिष्ठ सदस्य मंजीत कौर गिल, सुलेखा साहू और भारती साव ने बताया कि जंगल के बीच चारों ओर पहाड़ियों से घिरे डंगोरा बांध का प्राकृतिक सौन्दर्य ने सभी को रोमांचित किया। भवानी मन्दिर करेला में लगभग ग्यारह सौ सीढ़ियों की चढ़ाई कर पहाड़ी की शिखर पर स्थापित मां भवानी का सभी ने दर्शन किया। जिसके बाद कैम्प फायर किया गया जहां सभी सदस्यों ने म्यूजिक सिस्टम के माध्यम गाने और डांस कर इंजाय किया। इस अवसर पर किरण चन्द्राकर, शिल्पा मराठे, राजश्री श्रृंगारपुतले, सुखबीर सिंह ब्रोका, हेमलाल देवांगन, विजय जैन, राजेश मराठे, संजय साहू, हरदेव सिंह गिल, सुरेश साहू, जीवनलता साहू, महेन्द्र शर्मा, सुरिन्दर कौर ब्रोका, उषा सिंह, जयप्रकाश साव, चैतन्य ऋषि, हेमांगी ऋषि, आकांक्षा देवांगन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## अंतिम दिन राधे-राधे रहा गुंजायमान, हुआ महाभंडारा

# श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस पर तुलसी वर्षा कर बताया गीता का सार, पूर्णाहुति

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भक्तिभाव, प्रेम और आध्यात्मिक रस की अद्भुत अनुभूति देखने को मिली। जहां कथा वाचिका देवी नंदिनी चौबे द्वारा कथा का श्रवण कर श्रद्धालु प्रभु भक्ति में लीन दिखाई दिये। पंचशील नगर, शिवाजी स्कूल के पीछे, वार्ड क्रमांक 1, दुर्ग में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के नवें दिन हवन में पूर्णाहुति दी गई। कथा के अंतिम दिवस पर गीता प्रवचन, पूर्ण आहुति, हवन एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। नवें दिवस के गीता प्रवचन में देवी नंदिनी चौबे ने अत्यंत सरल और भावपूर्ण शैली में श्रीमद् भगवद् गीता के गूढ़ रहस्यों को श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र की भूमि पर अर्जुन को गीता का दिव्य ज्ञान प्रदान किया था और यही गीता का उपदेश मनुष्य को जीवन के अंतिम क्षणों में भी जीवन और मृत्यु के बीच मार्गदर्शन करता है।



### बताया गीता का सार



देवी नंदिनी ने कहा कि मनुष्य देह अनेक योनियों में भटकने के पश्चात प्राप्त होती है। संसार की अन्य योनियां भोग योनि कहलाती हैं, जबकि मनुष्य उभय योनि है, जहां उसे भोग भी करना होता है और कर्म भी। मनुष्य अपने पूर्व कर्मों का फल भोगते हुए नए कर्मों के बीज भी बोता है। गीता मनुष्य को कर्तव्य की दीक्षा, संतुलन की शिक्षा, ज्ञान की भिक्षा और भगवान की शरणागति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने बताया कि जो प्राणी श्रद्धा एवं सद्भावना से गीता का चिंतन-मनन करता है, वह जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं सब धर्मों को त्यागकर मेरी शरण में आ जाओ, मैं तुम्हें समस्त पापों से मुक्त कर दूंगा, शोक मत करो। यही गीता का सार है।

### श्रोता हुए भावविभोर

प्रवचन के दौरान देवी नंदिनी चौबे ने श्रीमद् भागवत पुराण की महिमा का भी विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का चिदानंदमय तेज श्रीमद् भागवत में प्रतिष्ठित है। कलियुग में जो भी श्रद्धालु श्रीमद् भागवत का आश्रय लेता है, वह बिना विशेष प्रयास के भवसागर से पार हो जाता है। सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को बताए गए कलियुग, भगवान कल्कि अवतार एवं धर्म स्थापना के प्रसंगों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा के विश्राम अवसर पर न्यू कॉलोनी, पंचशील नगर, दुर्ग सहित आसपास के समस्त श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान से पूर्ण आहुति प्रदान की गई, जिसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। कथा के दौरान संपूर्ण वातावरण जय-जयकार, हरि बोल एवं राधे-राधे के गगनभेदी उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति रस में डूबे रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

## 6 पैक एब्स बनाना हो तो इन गलतियों को दोहराने से बचें



6-पैक एब्स दिखाने के लिए शरीर का बॉडी फैट पर्सेंट 10% या उससे कम होना चाहिए। तभी एब्स विजिवल होते हैं। इसलिए जिम में लड़के अक्सर सिक्स पैक एब्स बनाने के लिए जिम जाकर घंटों पसीना बहाते हैं। जिसका मोटा पेट होता है उसके भी एब्स होते हैं, बस उसके एब्स के ऊपर फैट की लेयर आ जाती है। जैसे-जैसे फैट की लेयर हटती जाएगी, वैसे-वैसे एब्स भी दिखने लगते हैं। बेली फैट हर किसी के लिए काफी चिंताजनक होता है। इसलिए लोग फ्लैट टमी के लिए एक्सरसाइज भी करने लगते हैं।

पेट कम करने के लिए एब्स वर्कआउट करें या नहीं? इस बारे में जानने के लिए एक्सपर्ट की सलाह मानना सही रहता है। लेकिन कुछ लोग बिना नॉलेज के 6 पैक एब्स बनाने के लिए एक्सरसाइज के साथ देर तक प्लैंक और क्रंचेस भी करने लगते हैं। वहीं कुछ लोग इंटरनेट पर 30 दिन में 6 पैक एब्स बनाने के तरीके भी सर्च करने लगते हैं। डाइट तो अपनी जगह है लेकिन एब्स एक्सरसाइज के समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। नहीं तो रिजल्ट मिलने में देर हो सकती है या उस एक्सरसाइज का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

यदि कोई घर पर एक्सरसाइज करता है तो



वो सबसे पहले पेट कम करने की एक्सरसाइज करता है, जिसमें क्रंचेस, प्लैंक, सिट-अप्स के साथ कुछ पसंदीदा एब्स एक्सरसाइज शामिल होती हैं। इन एक्सरसाइज को करते समय भी कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है, तभी अच्छे रिजल्ट मिलते हैं। इसलिए इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि एब्स एक्सरसाइज करते समय लोग कौन-सी सामान्य गलतियां करते हैं, जो उनकी प्रोग्रेस को रोक सकती हैं।

### एक्सरसाइज के समय पानी पीना

वर्कआउट शुरू करने से कम से कम 15 मिनट पहले पानी पीना चाहिए। वर्कआउट के दौरान हर 20 मिनट बाद 8 औंस पानी पीना चाहिए। लेकिन एब्स एक्सरसाइज करते समय पानी नहीं पीना चाहिए, लेकिन अक्सर लोग एब्स एक्सरसाइज के दौरान पानी पीते हैं। एब्स के दौरान पानी पीने से पेट भर जाता है और आप अच्छी तरह एक्सरसाइज नहीं कर पाते। मसल्स भी अच्छे से कॉन्ट्रैक्ट नहीं हो पाते।

### हाई रेप्स करना

किसी भी चीज पर ओवर टेंशन क्रिएट करने से मसल्स अधिक ब्रेक होते हैं, जिससे मसल्स रिकवरी में टाइम लग सकता है और मसल्स सोरनेस भी अधिक समय तक रहती है। इसलिए अगर आप एब्स एक्सरसाइज करते हैं, तो मसल्स को ओवर ट्रेन और हाई रेप्स करने से बचाना चाहिए। एब्स एक्सरसाइज करते समय 12-15 रेप्स और 3 सेट कर सकते हैं। एब्स की कितनी एक्सरसाइज करनी है वो आप अपनी फिटनेस लेवल के मुताबिक डिसाइड कर सकते हैं।



### फोकस न करना

हर एक्सरसाइज में माइंड मसल्स कनेक्शन जरूरी होता है। लेकिन एब्स एक्सरसाइज को अगर बिना फोकस किया जाए तो मसल्स कॉन्ट्रैक्शन नहीं होगा और मसल्स ट्रेन भी नहीं होंगे। इसलिए मसल्स पर टेंशन क्रिएट हुए महसूस करने से ही एब्स ट्रेन होते हैं। अक्सर लोग एब्स एक्सरसाइज करते समय इधर-उधर ध्यान देते रहते हैं या आसपास के लोगों से बात करते रहते हैं। ऐसा करने से मसल्स पर फोकस नहीं होता और रिजल्ट मिलने में देरी होती है।

### एक ही प्लान फॉलो करना

लंबे समय तक कोई भी एक्सरसाइज प्लान फॉलो करने से प्लेटू आ जाता है और रिजल्ट मिलने बंद हो जाते हैं। इसलिए हर एक महीने पर एब्स की एक्सरसाइज को चेंज कर दें। अगर एक्सरसाइज चेंज नहीं करना चाहते तो क्रम और रेप्स बदल लें। इन एक्सरसाइज को थोड़ा एडवांस बनाने के लिए वेट भी जोड़ सकते हैं। प्लैंक करते समय पीठ पर वेट रखना और प्लेट पकड़कर सिट-अप्स करना आदि।

### वीक में एक बार एब्स ट्रेन करना

अधिकतर लोग एब्स की एक्सरसाइज हफ्ते में सिर्फ एक ही दिन करते हैं। इस कारण स्लो रिजल्ट मिलते हैं। अगर आप दो या उससे अधिक बार एब्स एक्सरसाइज करते हैं तो रिजल्ट जल्दी मिल सकते हैं। एक दिन छोड़कर एब्स एक्सरसाइझ करें। मैं यह नहीं बोल रहा कि अधिक एक्सरसाइज करें, बल्कि 1-2 एब्स एक्सरसाइज वर्कआउट के बाद कर सकते हैं।

## समय पर इलाज नहीं कराना बन सकती है गंभीर बीमारियों की वजह

# भागदौड़ की जिंदगी में थायराइड कर रहा परेशान शुरुआती संकेत से पहचानिए और कीजिए इलाज

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में थायराइड से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह एक सामान्य स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन अगर इसे समय पर नहीं पहचाना और इलाज नहीं किया गया तो यह गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। थायराइड गले में स्थित एक छोटी ग्रंथि है, जो हमारे शरीर में हार्मोन का संतुलन बनाए रखने का काम करती है। इसका असंतुलन शरीर के विभिन्न हिस्सों को प्रभावित कर सकता है।

थायराइड के मुख्यतः दो प्रकार हैं: हाइपोथायरायडिज्म में थायराइड हार्मोन की कमी हो जाती है। वहीं हाइपरथायरायडिज्म में हार्मोन का स्तर अधिक हो जाता है।

### थायराइड के शुरुआती संकेत

थकान और कमजोरीः

यदि आप बिना किसी शारीरिक श्रम के भी अत्यधिक थकान महसूस कर रहे हैं, तो यह हाइपोथायरायडिज्म का संकेत हो सकता है।

### वजन में बदलावः

बिना किसी कारण के वजन बढ़ना या कम होना थायराइड की समस्या का संकेत हो सकता है। हाइपोथायरायडिज्म में वजन बढ़ता है, जबकि हाइपरथायरायडिज्म में वजन तेजी से घटता है।



### बालों का झड़ना और त्वचा में रूखापनः

थायराइड की समस्या होने पर बाल कमजोर होकर झड़ने लगते हैं और त्वचा रूखी हो सकती है।

### नींद की समस्याः

थायराइड की असामान्यता से अनिद्रा या बहुत अधिक नींद आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

### दिल की धड़कन का असामान्य होनाः

हृदय की गति का तेज या धीमा होना, विशेष रूप से हाइपरथायरायडिज्म में, एक सामान्य लक्षण है।

### पाचन संबंधी समस्याएंः

हाइपोथायरायडिज्म के कारण कब्ज हो सकती है, जबकि हाइपरथायरायडिज्म से दस्त की समस्या हो सकती है।

### गर्दन में सूजनः

थायराइड ग्रंथि के आकार में वृद्धि के कारण गर्दन में सूजन महसूस हो सकती है। इसे ₹गॉइटर₹ कहा जाता है।

### मूड स्विंग और अवसादः

थायराइड हार्मोन का असंतुलन आपके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। इसमें चिड़चिड़ापन, चिंता, या अवसाद जैसी समस्याएं हो सकती हैं।




### मासिक धर्म में अनियमितताः

महिलाओं में थायराइड की समस्या मासिक धर्म चक्र को प्रभावित कर सकती है। हाइपोथायरायडिज्म में मासिक धर्म भारी और अनियमित हो सकता है।

### हाथ-पैर में झुनझुनी या ठंड महसूस होनाः

थायराइड की समस्या के कारण शरीर के तापमान को नियंत्रित करना मुश्किल हो सकता है, जिससे ठंड लगने या हाथ-पैर सुन्न पड़ने की समस्या हो सकती है।

### थायराइड से बचाव के उपाय



**संतुलित आहार लेंः** थायराइड को नियंत्रित रखने के लिए आयोडीन, जिंक, और सेलेनियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे मछली, अंडे, नट्स, और अनाज का सेवन करें।

**व्यायाम करेंः** नियमित योग और शारीरिक व्यायाम शरीर में हार्मोन के संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है।

**तनाव कम करेंः** अत्यधिक तनाव थायराइड को प्रभावित कर सकता है। ध्यान और मेडिटेशन का अभ्यास करें।

**पर्याप्त नींद लेंः** हर रात कम से कम 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

**डॉक्टर से नियमित परामर्श करेंः** यदि आपको थायराइड के लक्षण महसूस हो रहे हैं, तो तुरंत डॉक्टर से परामर्श करें और आवश्यक जांच करवाएं।

**थायराइड में क्या खाएं और क्या न खाएं ?ः** थायराइड की समस्या से निपटने के लिए सही आहार का चयन बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल आपके हार्मोन संतुलन को सुधारने में मदद करता है, बल्कि शरीर को जरूरी पोषक तत्व प्रदान करके समग्र स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। आइए विस्तार से जानें कि थायराइड के मरीजों को क्या खाना चाहिए और इससे कैसे बचाव किया जा सकता है।

**फाइबर युक्त फल और सब्जियांः** थायराइड से परेशान लोगों के लिए फाइबर का सेवन बहुत फायदेमंद है। फाइबर पाचन क्रिया को सुधारता है और मेटाबॉलिज्म को तेज करता है।

# सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप में वैभव, नितांत और संगीत की शानदार पारी







**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप तीन दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। दल्ली राजहरा में टीम धमतरी ने दंतेवाड़ा के विरुद्ध 295 रनों से जीत कर 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में धमतरी पहली पारी 219 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम पहली पारी में 72 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में धमतरी टीम दूसरी पारी में 221 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में धनतेरा 74 रन पर आउट हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम रायगढ़ ने बीएसपी के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी 125 रन बनाए और आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने पहली पारी नौ विकेट पर 671 रन के साथ पारी घोषित कर दी। संगीत सोनी ने 203 रन, नितांत सिंह ने 167 रन और कप्तान वैभव साहू ने नॉट आउट 116 रन बनाए। कार्तिक नायडू ने 82 और पियूष पिल्लै ने 32 रन बनाए। गेंदबाजी में रायगढ़ के शुभम अग्रवाल ने चार विकेट, अनुग्रह नारायण सिंह एवं आशीष कोरी ने दो-दो विकेट लिए। आरडीसीए रायपुर में कवर्धा के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए दुर्ग टीम पहली पारी में 302 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कवर्धा पहली पारी 168 पर आउट हुई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी 8 विकेट पर 197 रन बनाए।

■ क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न मैदानों में चल रहे मुकाबले

दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में जशपुर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए राजनांदगांव टीम पहली पारी में 339 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में जशपुर ने पहली पारी में 6 विकेट पर 232 रन बनाए। धमतरी में हुए मैच में कांकेर के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम कोरबा पहली पारी 187 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी कांकेर पहली पारी 179 रन पर आउट बल्लेबाजी कोरबा दूसरी पारी 180 रन पर आउट बल्लेबाजी में कांकेर ने दूसरी पारी तीन विकेट पर 31 रन बनाए। न्यू ग्राउंड कांकेर में महासमुंद के विरुद्ध बल्लेबाजी करते हुए टीम बस्तर पहली पारी में 447 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम पहली पारी में 213 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बस्तर ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 54 रन बनाए।

# किराए के मकान में रहते हुए न करें ये भूल



कई बार किराए के मकान में रहते हुए कुछ ऐसी वास्तु से जुड़ी भूल लोग कर बैठते हैं जिसके कारण उनका अपना घर बनने में देरी होने लगती है और अनेकों बाधाएं पैदा होती जाती हैं।

### किराए के मकान के लिए वास्तु टिप्स

सबसे पहले किराये के मकान में रहने वाले लोगों के लिए यह समझना जरूरी है कि अगर आप जिस घर में रह रहे हैं वहां आपके साथ घर का मालिक या मालकिन भी रहते हैं तो ऐसे में वास्तु दोष सिर्फ आपकी गलती के कारण ही नहीं बल्कि घर के ओनर के कारण भी पैदा हो सकता है जिससे नुकसान आपका और घर के मालिक/मालकिन दोनों का हो सकता है।

वहीं, अगर आप किराये के मकान में अकेले रहते हैं तो ऐसे में वास्तु से जुड़ी बातों का ध्यान रखना आपकी जिम्मेदारी है क्योंकि वह घर भले ही किसी और का हो लेकिन उसमें रखी वस्तुओं का इस्तेमाल आप कर रहे हैं। किराए के घर में कभी भी लकड़ी के दरवाजे नहीं होने चाहिए। हमेशा स्टील धातु से बना दरवाजा लगवाना चाहिए नहीं तो इससे घर की बरकत रुकती है।

असल में लकड़ी खराब हो जाए या घुन लग जाए उसमें तो ऐसी लकड़ी के दरवाजे नकारात्मक ऊर्जा को घर में प्रवेश देते हैं और सकारात्मकता को रोक लेते हैं। ऐसे में स्टील के दरवाजे लगाना शुभ माना गया है। वहीं, किराए के मकान को बुरी शक्तियां जल्दी प्रभावित करती हैं। ऐसे में रोजानाशामा के समय कपूर या लोबान जलाकर उसका धुआं घर के हर एक भाग में करें।



# जानिए हैंडस्टैंड पुश-अप्स करने का सही तरीका, मिलेंगे जबरदस्त फायदे

मौजूदा समय में एक्सरसाइज करना बहुत जरूरी काम माना जाता है। आजकल अधिकतर लोग बैठकर काम करने की आदत में हैं, जिससे मोटापा, डायबिटीज, हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। नियमित एक्सरसाइज से इन बीमारियों का जोखिम कम किया जा सकता है। इसके अलावा भी एक्सरसाइज करने से बहुत सारे फायदे होते हैं।

### एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी

फिट रहना किसी भी व्यक्ति के लिए जरूरी है। एक्सरसाइज से शरीर मजबूत और लचीला बनता है, जो उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक समस्याओं को कम करता है और ऊर्जा स्तर को बनाए रखता है। एक्सरसाइज से नींद में सुधार होता है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। अच्छे से सोने से शरीर ठीक से रिकवर कर पाता है और अगले दिन के लिए ताजगी महसूस होती है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप क्या है?

हैंडस्टैंड पुश-अप एक बॉडीवेट एक्सरसाइज है जो कंधों,



हाथों, और सीने की ताकत को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह पुश-अप का एक वर्शन है, जिसे आप अपने हाथों के बल किए हुए करेंगे और शरीर को उल्टा रखेंगे। इस एक्सरसाइज में शरीर का वजन कंधों और बाहों पर आता है, जो कंधे और कोर को मजबूत करने में मदद करता है।

### हैंडस्टैंड पुश-अप करने का सही तरीका

हैंडस्टैंड पुश-अप करने के लिए सबसे पहले, एक दीवार के पास खड़े हो जाएं। इससे आपको स्थिरता मिलेगी। अब अपने पैरों को दीवार पर रखें और हाथों से जमीन पर सपोर्ट लें। सुनिश्चित करें कि आपके हाथ कंधे के नीचे और आपके शरीर की सीध में हों। आपके पैरों की ऊँचाई दीवार पर कम से कम होनी चाहिए, ताकि आप उलटे खड़े हो सकें।

### पोजिशन को ध्यान में रखना जरूरी

धीरे-धीरे अपने पैरों को दीवार पर रखें और शरीर को सीधा रखते हुए हाथों पर खड़ा हो जाएं। इस पोजीशन में आपके शरीर का पूरा वजन आपके हाथों और कंधों पर होगा। अब, धीरे-धीरे कोहनी मोड़ें और अपने शरीर को नीचे की ओर लाएं। कंधों के पास कोहनियों को बाहर की ओर फैलाने की कोशिश करें, और शरीर को नियंत्रित रखते हुए नीचे की ओर लाएं।

### इन बातों का रखें ख्याल

शुरुआत में दीवार का सहारा लेना बेहतर होता है, क्योंकि यह संतुलन बनाए रखने में मदद करता है। समय के साथ आप बिना दीवार के भी यह एक्सरसाइज कर सकते हैं। शुरू में धीमे और सावधानी से करें। जल्दबाजी में या गलत तकनीक से चोट लगने का खतरा हो सकता है। इसे नियमित करने से कंधे, ट्राइसेप्स, और हाथों की ताकत बढ़ती है। इसके अलावा कोर मसल्स को मजबूत करने में मदद मिलती है।



## कार्नर न्यूज

## दुनिया भर में बॉडी बिल्डरों को हार्ट अटैक के मामले बढ़े

# बॉडी बिल्डरों को होता है हार्ट अटैक का अधिक खतरा समय रहते एहतियात बरत कर रह सकते हैं सेहतमंद

बेलारूस के इलिया 'गोलेम' येफिमचिक को दुनिया के सबसे मजबूत बॉडीबिल्डर के रूप में जाना जाता था, का पिछले वर्ष 36 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। 'गोलेम' अकेले नहीं है, जो इस तरह मौत के शिकार हुए हैं।

इलिया 'गोलेम' येफिमचिक दुनिया के सबसे ताकतवर इंसान थे। 6 फीट 1 इंच लंबे थे। उनका वजन 340 पाउंड (लगभग 154.221 किलोग्राम) था। इलिया येफिमचिक के रोजाना के भोजन में सुशी के 108 पीस और 2.5 किलोग्राम स्टेक (गोश्त) शामिल था।

उन्होंने अपने 25-इंच के बाइसेप्स को बनाए रखने के लिए सख्त डाइट का पालन किया, जिसमें वे रोजाना लगभग 16,500 कैलोरी का सेवन करते थे। वे दिन भर में सात बार खाना खाते थे। उनके खाने में पांच पाउंड से ज्यादा स्टेक और 100 से ज्यादा सुशी के टुकड़े शामिल होते थे।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, उन्होंने पहले बताया था कि वह 273 किलो बेंच प्रेस, 318 किलो डेडलिफ्ट और 318 किलो स्क्वाट कर सकते हैं।

लेकिन अब इलिया के गुजरने की नहीं बल्कि एक जरूरी मुद्दे की चर्चा हो रही हैं। जिसका रुझान हाल के वर्षों में



काफी देखने को मिला है। वह है नौजवानों को हार्टअटैक का आना। बॉडीबिल्डर्स और युवाओं में दिल के दौरे या अचानक जिम में ट्रेडमिल पर दौड़ते समय गिरने जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं, खासकर कोविड-19 महामारी के बाद से। सवाल है कि 30 की उम्र में एक व्यक्ति, फिटनेस और कसरत पर सख्त शेड्यूल रखते हुए, दिल के दौरे से कैसे पीड़ित हो सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो जिम में वर्कआउट करना दिल की सेहत, मांसपेशियों की ताकत और फिटनेस के लिए फायदेमंद हो सकता है, लेकिन ये तभी सही है जब इसे सही तरीके और संतुलन के साथ किया जाए। आपको उन कारणों के बारे में जानना चाहिए जो बॉडीबिल्डर्स के हार्ट अटैक का कारण बनते हैं-

### एनाबॉलिक स्टेरॉइड्स

एक मुख्य कारण जो बॉडीबिल्डर्स में दिल के दौरे या हृदय संबंधी समस्याओं का कारण बन सकता है, वह है एनाबॉलिक स्टेरॉइड्स का उपयोग। लंबे समय तक और अत्यधिक मात्रा में स्टेरॉइड्स का सेवन गंभीर हृदय संबंधी समस्याओं को जन्म दे सकता है। स्टेरॉइड्स से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, कोलेस्ट्रॉल के स्तर में गड़बड़ी हो सकती है, रक्त के थक्के बन सकते हैं, और हृदय की संरचना और कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इन प्रभावों से दिल के दौरे, स्ट्रोक और अन्य हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

### कठोर ट्रेनिंग रूटीन


बॉडीबिल्डर्स अक्सर भारी वजन उठाने, अधिक मात्रा में वर्कआउट और गहन कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज वाली कठोर ट्रेनिंग फॉलो करते हैं। हालांकि व्यायाम सामान्य रूप से दिल के लिए अच्छा होता है, लेकिन अत्यधिक और लंबे समय तक इसका दबाव हृदय पर पड़ सकता है। भारी वजन उठाने या लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाले व्यायाम करने पर शरीर की प्रतिक्रिया से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, हृदय की संरचना में बदलाव हो सकते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 59 की उम्र में चौथी शादी करेंगी हैली, बताया कब थामेंगी सिंगर हंट का हाथ



हॉलीवुड एक्ट्रेस लंबे वक्त से सिंगर, सॉन्गराइटर वैन हंट को डेट कर रही हैं। हाल ही में एक टीवी शो में हैली बेरी ने अपनी सगाई की बात को कबूल किया। साथ ही बताया कि वह वैन हंट से कब शादी करने वाली हैं। हाल ही में 'द टुनाइट शो स्टारिंग जिमी फॉलन' में हैली बेरी ने बताया कि वह वैन हंट संग शादी करेंगी। लेकिन यह शादी कब होगी इस बारे में उन्होंने कहा, 'जब वैन ने मुझसे शादी के लिए पूछा तो मैंने हां कर दी। लेकिन अभी हमारे पास शादी की तारीख को लेकर कोई अपडेट नहीं है। लेकिन मैं उनसे शादी जरूर करूंगी।' यह सुनकर शो में बैठे हुए हैली बेरी के फैंस काफी खुश हुए। सोशल मीडिया यूजर्स ने भी इस खबर पर रिएक्शन देते हुए हैली बेरी को बधाई दी। हैली बेरी वैन हंट से शादी करेंगी तो यह उनकी चौथी शादी होगी। इससे पहले वह बेसबॉल खिलाड़ी डेविड जस्टिस, सिंगर-सॉन्ग राइटर एरिक बेनेट और फ्रैंच एक्टर ओलिवियर मार्टिनेज से शादी कर चुकी हैं। डेविड जस्टिस से हैली ने साल 1993 में शादी और साल 1997 में तलाक ले लिया। इसके बाद साल 2001 में एरिक बेनेट से दूसरी शादी की और साल 2005 में तलाक ले लिया। तीसरी शादी हैली बेरी ने ओलिवियर मार्टिनेज से साल 2013 में की लेकिन साल 2016 में इनका तलाक हो गया। अब हैली और वैन हंट अपने नए रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। हैली बेरी ने 'मॉन्स्टर्स बॉल (2001)' के लिए ऑस्कर अवॉर्ड जीता था। वहीं वह एक्स मैन फ्रैंचाइजी में स्टॉर्म नाम का रोल निभाती हैं। यह किरदार दर्शकों को खूब पसंद है। इन फिल्मों के अलावा वह 'द कॉल (2013)' और 'बॉन्ड डाई अनदर डे (2002)' में भी दिखीं।

## टॉलीवुड

### अल्लू अर्जुन से मिलने के लिए चर्चा में आए 42 नियम, टीम ने कही ये बात



अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैंस दुनियाभर में हैं। उनकी एक झलक को लेकर फैंस बेताब रहते हैं। मगर हाल ही में एक ब्रांड की स्ट्रैटजी टीम का हिस्सा रह चुकीं कावेरी बरुआ ने दावा किया कि अल्लू अर्जुन से मिलने के दौरान 42 नियमों का पालन करना पड़ता है। उन्होंने अभिनेता से मुलाकात का एक किस्सा भी साझा किया और बताया कि इससे पहले उन्हें नियम व शर्तों की लिस्ट पकड़ाई गई थी। कावेरी का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो अल्लू अर्जुन की टीम ने महिला के दावे को न सिर्फ खारिज किया है, बल्कि लीगल एक्शन की बात भी कही है। अभिनेता अल्लू अर्जुन की टीम ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक बयान जारी किया है। उन्होंने कावेरी के दावों को पूरी तरह निराधार बताते हुए खारिज किया है। टीम ने लिखा है, 'हाल ही में अल्लू अर्जुन के बारे में जो बातें कही गईं, वह पूरी तरह गलत और निराधार हैं। अल्लू अर्जुन ने हमेशा खुद को सम्मान और गरिमा के साथ पेश किया है। हम इन झूठे आरोपों को गंभीरता से ले रहे हैं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ हमारी लीगल टीम मानहानि की कार्रवाई शुरू कर रही है। सभी से हमारी अपील है कि बिना पड़ताल किए इस तरह की खबरों का प्रसार करने से बचें'। बता दें कि एक पॉडकास्ट में कावेरी ने दावा किया कि अभिनेता अल्लू अर्जुन से मिलने से पहले उन्हें एक नोट दिया गया था। इसमें 42 बातें लिखी थीं कि क्या करें और क्या न करें। इनमें लिखा था, 'सर की आंखों में मत देखना, हाथ नहीं मिलना आदि' ।उन्होंने मैनेजमेंट की एक मुश्किल चेन के बारे में भी बताया कि उनके पास मैनेजर के मैनेजर का भी मैनेजर होता है। वे बहुत सख्त हैं'। कावेरी के इस दावे के बाद सोशल मीडिया पर एक्टर के कथित प्रोटोकॉल पर सवाल उठाए जाने लगे। इसके बाद उनकी टीम ने इन्हें खारिज किया है।

## भोजपुरी

### 'बाबू जी' का ट्रेलर जारी, भावनात्मक कहानी ने दर्शकों को किया प्रभावित



भोजपुरी फिल्म 'बाबू जी' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 3:46 मिनट का ट्रेलर भावुक करने वाला है। इसमें एक माता-पिता की कहानी है, जिनको बच्चे घर से निकाल देते हैं और उसके बाद मां की मौत हो जाती है। मामला कोर्ट पहुंचता है और फिर फैसला होता है।

भोजपुरी सिनेमा के चर्चित निर्माता रत्नाकर कुमार और निर्देशक पराग पाटिल की अपकमिंग फिल्म 'बाबू जी' का ट्रेलर आज वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। रिलीज के साथ ही ट्रेलर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों के बीच इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। ट्रेलर की कहानी दर्शकों को अमिताभ बच्चन की सुपरहिट फिल्म 'बागबान' की याद जरूर दिलाती है, लेकिन 'बाबू जी' की प्रस्तुति और घटनाक्रम उससे भी अधिक प्रभावशाली और दिल को छू लेने वाले हैं। यह फिल्म समाज में माता-पिता के प्रति बढ़ती संवेदनहीनता को बेहद मार्मिक तरीके से सामने रखती है। फिल्म की कहानी उन बुजुर्ग माता-पिता की त्रासदी को दर्शाती है, जिन्हें उनके अपने ही बच्चे घर से निकाल देते हैं और सड़क पर भटकने को मजबूर कर देते हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि इस दर्दनाक परिस्थिति में मां की मृत्यु हो जाती है और पिता को मजबूरन अपने ही बच्चों के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़नी पड़ती है। यह केवल एक फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि आज के समाज की सच्चाई का आईना है, जो दर्शकों की भावनाओं को झकझोर कर रख देती है।

## महाराजा मूड



पुरुषों के लिए रॉयल इंडियन फेस्टिव फैशन ट्रेंड्स 2026 में महाराजा मूड छाया रहा। दरअसल, यह रॉयल ड्रेसिंग का एक रिफाइंड तरीका है जो एलिगेंट, पहनने में आरामदायक और साफ तौर पर मॉडर्न लगता है। ऐसे हेरिटेज सिलुएट्स के बारे में सोचें जिन्हें कंटेम्पररी टेलरिंग और ऐसे फैब्रिक से सॉफ्ट बनाया गया है जो धीरे से, लेकिन आत्मविश्वास से अपनी बात कहते हैं।

## डार्क सर्कल के लिए घर पर तैयार करें ये खास क्रीम

अगर आप भी आंखों के नीचे होने वाले डार्क सर्कल्स से परेशान हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इस घरेलू नुस्खे को जरूर अपनाना चाहिए। इससे आपको काफी फायदा देखने को मिलेगा।

### जानें ब्यूटी एक्सपर्ट की राय


ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा के मुताबिक चेहरे की खूबसूरती को खराब करने में डार्क सर्कल्स का बड़ा योगदान होता है। आंखों के नीचे होने वाले इन काले घेरे से बचने के लिए आप घर पर रह कर इस खास जेल को बना सकती हैं। इस जेल को आंखों के नीचे लगाने से आपके डार्क सर्कल्स तो काम होंगे ही साथ ही आपकी स्किन को ठंडक मिलेगी, कलापन दूर होगा और आंखों के नीचे होने वाली खुजली, जलन से राहत भी मिलेगी। इस जेल को बनाने के लिए सबसे पहले सामग्री को इकठ्ठा कर लें। आइए जानते हैं इसकी सामग्री के बारे में।

### जानें बनाने का तरीका

ब्यूटी एक्सपर्ट के मुताबिक इस खास अंडर आई क्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले आपको ताजे एलोवेरा जेल को एक कटोरी में निकाल कर इसमें कुछ बून्द गुलाब जल की मिला तक इस जेल को तैयार करना हैं, फिर इसे 10 मिनट के लिए रख कर रात में सोने से पहले अपनी आंखों के नीचे जहां पर काले घेरे हैं, वहां इसे लगाना है।

### इन बातों का रखें ध्यान

ध्यान रहे इसे लगाते समय आपको अपनी आंखों को बचाते हुए इसका इस्तेमाल करना चाहिए, क्योंकि अगर गलती से ये आपकी आंख में



चला गया तो इससे आपको कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। आप इस जेल को डार्क सर्कल्स पर रोजाना रात में सोने से पहले लगा सकती हैं। ऐसा आपको कम से कम एक से दो हफ्ते तक रोजाना करना चाहिए।

## पार्टी में आपके लुक के आगे सबका रंग पड़ जाएगा फीका



शादी के मौके पर महिलाएं साड़ी या लहंगा स्टाइल करती हैं। लेकिन, शादी के बाद होने वली रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं न्यू लुक चाहती हैं। वहीं अगर आप भी ऐसा चाहती हैं तो आप इस खास मौके पर गाउन स्टाइल कर सकती हैं। गाउन न्यू लुक पाने और साथ ही भीड़ से अलग नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। आपके लिए कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले गाउन बाजार में आए हैं, जिनका चुनाव आप रिसेप्शन पार्टी के लिए कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन का चुनाव कर सकती हैं। इस एम्ब्रॉयडरी वर्क गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत और अलग नजर आएगा। ये गाउन आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ आसानी से मिल जाएंगे। इस गाउन के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला गाउन भी स्टाइल कर सकती हैं और इस गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग नजर आएगा।



एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह के गाउन भी रिसेप्शन पार्टी में वियर कर सकती हैं। यह गाउन फुल स्लीव्स में है साथ ही राउंड नेक डिजाइन ऑप्शन के साथ आता है। इस तरह का गाउन में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा।

### ऑर्गेंजा सिल्क गाउन

अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह के ऑर्गेंजा सिल्क गाउन स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के गाउन में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह गाउन जहां ऑर्गेंजा सिल्क में है तो वहीं बैकलेस है। यह ऑर्गेंजा सिल्क गाउन आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगा और इसे आप 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस गाउन के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी में स्टाइल कर सकती हैं।

## पार्टनर को दें ये ऑक्सीडाइज्ड ब्रेसलेट

पार्टनर को सरप्राइज करने का प्लान है, तो ऐसे में आप कुछ अलग तरह की एक्सेसरीज को गिफ्ट करें। जिसे वियर करके आपका पार्टनर खुश नजर आए।

### घुंघरु डिजाइन वाले ब्रेसलेट

आप अगर पार्टनर के हाथों की सुंदरता को बढ़ाना चाहते हैं, तो ऐसे में आप घुंघरू डिजाइन वाले ब्रेसलेट को वियर कर सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट हाथों में पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसे आपकी पार्टनर बाद में किसी और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आगे की तरफ काफी सारे घुंघरु होते हैं। इसे पीछे दबाकर सेट किया जाता है। इसलिए ये हर किसी के हाथों में आसानी से आ जाते हैं। इस तरह के ब्रेसलेट मार्केट में आसानी से मिल भी जाते हैं।



### सिंपल डिजाइन वाला ब्रेसलेट

ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी हर रंग के साथ अच्छी लगती है। ऐसे में आप अपने पार्टनर को वेलेंटाइन डे पर गिफ्ट करने के लिए इन ब्रेसलेट को खरीद सकती हैं। इस तरह के ब्रेसलेट पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें छोटे-छोटे डिजाइन दिए होते हैं। इससे ब्रेसलेट हर ज्वेलरी के साथ पेयर हो जाता है। हाथों में पहनने के बाद अच्छा लगता है। इसे आप चाहें तो पेयर में भी गिफ्ट कर सकते हैं।

### स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट

आप पार्टनर को खुश करने के लिए स्टोन डिजाइन वाला ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकते हैं। इस तरह का ब्रेसलेट वेस्टर्न आउटफिट के साथ काफी अच्छा लगता है। ऐसे में आप इसे चाहें तो किसी भी ड्रेस के साथ पेयर करके वियर कर सकते हैं।

## रातभर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर रखने का है जोखिम, आप भी जानिए

ओवरनाइट चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से त्वचा हाइड्रेट और कोमल बनी रहती है, लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से ड्राईनेस, चिपचिपाहट या स्किन इरिटेशन भी हो सकती है। जानें इससे जुड़े कुछ फायदे और सावधानियां।

ग्लिसरीन के प्रयोग को डर्मेटोलॉजिस्ट भी अच्छा मानते हैं। सबसे अच्छी बात तो यह है कि हर तरह की स्किन टाइप पर इसका प्रयोग किया जा सकता है। मगर क्या इसे रात भर के लिए चेहरे पर लगाकर सोया जा सकता है? इस विषय में हमारी बात डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से हुई है। वह कहते हैं, ₹नहीं, रात में सोने से पहले आपको चेहरे डीप क्लीन और मॉइश्चराइज करना है। ग्लिसरीन बेशक स्किन के लिए अच्छी मानी गई है, मगर त्वचा पर इसकी



उपस्थिति 30 मिनट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। यह एक केमिकल फॉर्मुला है। रातभर या अत्याधिक मात्रा में यदि आप इसे चेहरे पर लगाती हैं, तो इसके बुरे परिणाम भी आपको देखने पड़ सकते हैं। ₹

### क्या है ग्लिसरीन?

यह एक कार्बनिक यौगिक है। यह आपको जानवरों के फैट और वेजिटेबल से निकले तेल में मिलता है। इसमें न तो रंग होता है और न ही कोई खुशबू होती है। इसे त्वचा पर लगाया भी जा सकता है और खाया भी जा सकता है। यह त्वचा को सॉफ्ट और स्मूद बनाता है। इतना ही नहीं, इससे आपकी त्वचा चमकदार भी बनती है और ड्राईनेस भी कम होती है।

### रात भर चेहरे पर क्यों नहीं लगाएं ग्लिसरीन?

रात भर चेहरे पर ग्लिसरीन लगाकर न रखें। इससे आपकी त्वचा की अंदर की परतें ड्राई हो जाती हैं।

## कार्नर न्यूज

### फैशन के दौर में अलग दिखने की चाह का बढ़ रहा जुनून

## भीड़ में दिखना चाहते हैं अलग, ट्राई कीजिए कुछ खास और बेहतरीन आउटफिट्स

सब हेडिंग- स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी

सर्दी की विदाई के मौसम में स्टाइल और आराम का अच्छा संतुलन बनाना जरूरी होता है। इसके लिए ब्लेजर, स्वेटशर्ट, स्टाइलिश हूडी और जॉगर्स जैसे कपड़े बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। पार्टी में जाते समय आपको कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। पार्टी में एक शानदार लुक पाने के लिए बेहतरीन आउटफिट का होना अहम है।

पार्टी में पहने इस तरह के कपड़े

अगर आप युवा हैं तो फॉर्मल ड्रेस की बजाय कैजुअल और आरामदायक कपड़े पहनना अच्छा रहेगा। हालांकि, ध्यान रखें कि चमकदार रंगों से बचें, क्योंकि ये पार्टी के माहौल के हिसाब से अधिक जंचते नहीं।

### ऐसे बन सकते हैं स्मार्ट और स्टाइलिश

जश्न में मौसम को ध्यान में रखते हुए प्लेन स्वेटर और ब्लेजर का कॉम्बिनेशन बेहद स्टाइलिश और आरामदायक होता है। कैजुअल पैंट और ब्रोग्स शूज के साथ ये लुक



एकदम परफेक्ट है, क्योंकि यह आपको स्मार्ट और रिलैक्स दोनों ही लुक देता है। ये आउटफिट न सिर्फ स्टाइलिश है, बल्कि बहुत ही क्लासी भी लगता है, जिससे आप पार्टी में सभी का ध्यान अपनी ओर खींच सकते हैं।

### डेनिम जैकेट निखारेगा आपका लुक

पार्टी में अगर आप कम ठंड में भी कूल और स्टाइलिश दिखना चाहते हैं, तो यह लुक बिल्कुल आपके लिए है।

डेनिम जैकेट के नीचे एक सिंपल टी-शर्ट, आरामदायक जॉगर्स और कैजुअल स्नीकर पहनकर आप एक बेहतरीन और स्मार्ट लुक पा सकते हैं।

### ट्राई कर सकते हैं फॉर्मल लुक

फॉर्मल लुक एक ऐसी स्टाइल है, जो न केवल प्रोफेशनल माहौल में, बल्कि पार्टीज और इवेंट्स में भी बहुत अच्छा लगता है। फॉर्मल पैंट, शर्ट, कोट और ऑक्सफॉर्ड शूज एक परफेक्ट कॉम्बिनेशन है।

